श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 166, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शानिवार 15 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# चंदा मामा से मिलने चला चंद्रयान-3

## चंद्रयान-3 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्चः प्रधानमंत्री ने कहा- यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा में नया अध्याय

**नई दिल्लीः भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रमा के लिए चंद्रयान-3 मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। चंद्रयान-3 लैंडर, रोवर और पॉपुलेशन मॉड्यूल से लैस है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसरो को बधाई देते हुए कहा कि भारत ने अंतरिक्ष अन्वेषण में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित करते हुए चंद्रयान-3 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इसरो टीम और इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए अथक प्रयास करने वाले सभी लोगों को हार्दिक बधाई। यह अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति के प्रति देश की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। चंद्र मिशन की सफलता के लिए शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा है। यह हर भारतीय के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को ऊपर उठाते हुए ऊंची उड़ान भरता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। वे उनकी भावना और प्रतिभा को सलाम करते हैं। चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर मौजूद केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह एक गर्व का क्षण है और इसके लिए वह इसरो की टीम को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने देश को गौरवान्वित महसूस कराया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि स्काई इज नॉट द लिमिट और आज हम आकाश से भी आगे निकले हैं ताकि आगे की दुनिया को देख सकें। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का विक्रम साराभाई ने छह दशक पहले सपना देखा था। यह उनके और भारतीय वैज्ञानिकों के आत्मविश्वास का नतीजा है कि आज हम इस पड़ाव पर पहुंचे हैं। आज हम आत्मनिर्भरता के साथ दुनिया में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है। हमारे प्रिय एलवीएम3 ने पहले ही चंद्रयान-3 यान को पृथ्वी के चारों ओर सटीक रूप से स्थापित कर दिया है। आइए हम चंद्रयान-3 को आने वाले दिनों में कक्षा उत्थान और चंद्रमा की ओर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दें। कक्षा उत्थान प्रक्रिया के बाद चंद्रयान-3 को चंद्र स्थानांतरण प्रक्षेप पथ में डाला जाएगा। तीन लाख किमी से अधिक की दूरी तय करते हुए यह आने वाले हफ्तों में चंद्रमा पर पहुंचेगा। यहां सॉफ्ट लैंडिंग के बाद यान पर मौजूद वैज्ञानिक उपकरण चंद्रमा की सतह का अध्ययन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3, चंद्रयान-2 के बाद का मिशन है।

चंद्रयान में लैंडर और रोवर पर लगे वैज्ञानिक उपकरण चंद्रमा के पर्यावरण और थर्मो-फिजियो गुणों सहित चंद्रमा के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने में सक्षम होंगे। साथ ही चंद्रयान-3 मिशन में शामिल एक अन्य प्रायोगिक उपकरण पृथ्वी के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने में भी सक्षम हो सकेगा।

**भारत चंद्रमा की सतह पर अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बनेगा!**

चंद्रयान-3 की सफलता से भारत चंद्रमा की सतह पर अपना अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बना जाएगा। चंद्रयान-3, चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है और इसका उद्देश्य चंद्रमा अथवा चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग और रोविंग में भारत की क्षमता का प्रदर्शन करना है। अंतरिक्ष यान को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करने के लिए आवश्यक जटिल मिशन प्रोफाइल को बहुत सटीक तरीके से क्रियान्वित किया गया है। चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद छह पहियों वाला रोवर बाहर आएगा और चंद्रमा पर 14 दिनों तक कार्य कर सकेगा। रोवर पर कई कैमरों के सहयोग से तस्वीरें प्राप्त होंगी।


**चंद्रयान-3 मिशन के तीन उद्देश्य**

चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग का प्रदर्शन, चंद्रमा पर रोवर के घूमने का प्रदर्शन और इन-सीटू वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन।

चंद्रमा की सतह पर पानी की उपस्थिति की खोज करने का श्रेय चंद्रयान की श्रृंखला में प्रथम अर्थात चंद्रयान-1 को दिया जाता है।

### चंद्रयान-3 मिशन के लिए इसरो का हैवीवेट लॉन्चर सूरत के एलएंडटी में बना

**सूरत/अहमदाबादः देश** की बहुराष्ट्रीय कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ईपीसी प्रोजेक्ट्स और हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग के जरिए करीब पांच दशक से देश के स्पेस प्रोग्राम से जुड़ी है। चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण का आधार रॉकेट एलवीएम3 के निर्माण में एलएंडटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एलएंडटी डिफेंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष एटी रामचंदानी ने कहा कि देश के महत्वपूर्ण अंतरिक्ष कार्यक्रमों में इसरो के साथ साझेदारी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इसमें एलएंडटी ने अपने महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग कौशल, विनिर्माण विशेषज्ञता और कुशल कार्यबल का योगदान दिया है। एक होलमार्क उपलब्धि के साथ एलएंडटी सबसिस्टम के उत्पादन के शुरूआत के साथ मिशन ट्रेकिंग तक इस मिशन में शामिल है। चंद्रयान-3 के महत्व के पाट्‌र्स एलएंडटी सूरत के हजिरा, महाराष्ट्र के पवई और तमिलनाडु के कोइम्बतुर में बनाया गया है। इसरो के हैवीवेट लॉन्चर एलवीएम3 सूरत के हजिरा स्थित एलएंडटी डिफेंस में तैयार किया गया। एलवीएम3 लॉन्चर इलिप्टिकल (अंडाकार) भ्रमण कक्ष के ऑर्बिटर मॉड्यूल को लांच करने के लिए जरूरी पेलोड वहन क्षमता धारण करता है। एस-200 इस लांच व्हीकल के लिए सॉलिड प्रोपेलन्ट बूस्टर है।



### चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर केन्द्रीय मंत्रियों ने दी इसरो को बधाई

**नई दिल्ली। भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार दोपहर 2.35 बजे चंद्रयान 3 मिशन का सफल प्रक्षेपण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किये गए चंद्रयान 3 मिशन की सफलता पर केन्द्रीय मंत्रियों ने इसरो को बधाई दी है। चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग कार्यक्रम में मौजूद केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत के लिए गौरव का क्षण। उन्होंने कहा कि श्रीहरिकोटा में मौजूद हर एक भारतीय के लिए ऐतिहासिक लम्हा है। हम इस इतिहास का हिस्सा बने हैं। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र को अनलॉक और सक्षम करके इसे संभव बनाया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने ट्वीट करके कहा कि गौरव का क्षण है। चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर टीम इसरो को बधाई। ये खास पल हमेशा याद रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज हर भारतीय को बेहद गर्व है। राष्ट्र की स्मृति में हमेशा के लिए अंकित होने वाला एक ऐतिहासिक दिन है। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट करके इसरो को बधाई देते हुए कहा कि यह न्यू इंडिया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर भारतीय में जो विश्वास का संचार किया है, वह वास्तव में उल्लेखनीय है।

## फ्रांस में इंडियन एयरफोर्स के राफेल का फ्लाईपास्ट

### पीएम मोदी ने ली भारतीय दस्ते की सलामी, सारे जहां से अच्छा की धुन बजाई



**पेरिसः फ्रांस** की बैस्टिल डे परेड में शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए। इस परेड में शामिल होने वाले वे दूसरे प्रधानमंत्री हैं। उन्हें फ्रांस की फर्स्ट लेडी ब्रिजेट मैंक्रो ने रिसीव किया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मोदी का गले लगाकर स्वागत किया। परेड में भारतीय राफेल ने उड़ा भरी। तीनों सेनाओं के मार्चिंग दस्ते के 269 जवानों ने परेड में हिस्सा लिया। उनकी एंट्री सारे जहां से अच्छा की धुन के साथ हुई।

पीएम मोदी ने खड़े होकर भारतीय सेना के दस्ते की सलामी ली। इसमें भारतीय सेना के पंजाब रेजिमेंट का 77 मार्चिंग दस्ता और बैंड के 38 जवान भी शामिल रहे। चैम्प्स एल्सीज पर भारतीय वायुसेना के 3 राफेल फाइटर जेट ने फ्रांस के लड़ाकू विमानों के साथ फ्लाईपास्ट किया। सेना की टुकड़ी का नेतृत्व कैप्टन अमन जगताप, नौसैनिक दल को नेतृत्व कमांडर व्रत बघेल लीड ने किया। वहीं, फ्रांस में इंडियन एयरफोर्स के दस्ते का नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर सिंदु रेड्डी ने किया। बैस्टिल डे परेड खत्म होने के बाद पीएम मोदी ने मैक्रों से साथ फ्रांसीसी सेना के अधिकारियों से मुलाकात की। रेजिस्टेंस मेडल फॉर्मेशन और फ्रांस के राष्ट्रगान के साथ बैस्टिल डे परेड खत्म हुई।

## अतीक-अशरफ मर्डर केसः 2000 पेज की चार्जशीट दाखिल

### 150 गवाह, 70 सीसीटीवी फुटेज....सनी मास्टर माइंड; लेकिन इन 5 सवालों का जवाब नहीं

**प्रयागराजः माफिया** अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की 15 अप्रैल, 2023 को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में विशेष जांच दल ने गुरुवार को चार्जशीट दाखिल कर दी।

2 हजार पन्ने की चार्जशीट में शूटर सनी सिंह को इस हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। सनी सिंह ने लवलेश तिवारी और अरुण मौर्य को साथ मिलाकर इस वारदात को अंजाम दिया था। हालांकि 3 महीने चली जांच और पूछताछ में इस हत्याकांड के पीछे किसका हाथ था यह पता करने में एसआईटी विफल रही है।



**कोर्ट ने एक्सेप्ट की चार्जशीट, अगली तारीख रिजवर्**

वहीं, तीनों हत्यारोपियों की शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने चार्जशीट को एक्सेप्ट कर लिया है। अगली तारीख रिजर्व कर ली है। इसमें हत्यारोपियों को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**150 गवाहों की सूची, 70 सीसीटीवी फुटेज की सीडी कोर्ट को सौंपी गई**

**विशेष** जांच दल ने अतीक और अशरफ हत्याकांड में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को 150 गवाहों की सूची और 70 सीसीटीवी फुटेज की सीडी सौंपी है। अस्पताल से लेकर जिस होटल में तीनों आरोपी ठहरे थे।

वहां तक 70 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया था। उसकी फुटेज भी कोर्ट को सुबूत के तौर पर सीडी में पेश की गई है। गवाहों में 21 पुलिसकर्मी, 15 मेडिकल स्टाफ, 8 मीडियाकर्मी व अन्य जन सामान्य लोग शामिल हैं।

### 'मतपत्र बिखरे पड़े हैं तो चुनाव आयोग की पारदर्शिता कहां'

**कोलकाताः पश्चिम** बंगाल पंचायत चुनाव में हुई हिंसा व कथित अनियमितता पर राज्य चुनाव आयोग को लगातार कलकत्ता हाईकोर्ट से फटकार लग रही है। रास्ते में पड़े मिले मतपत्रों के मामले की गुरुवार को सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अमृता सिन्हा ने राज्य चुनाव आयोग को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा, मतपत्र सड़कों पर बिखरे पड़े हैं, तो चुनाव आयोग की पारदर्शिता कहां हैं। हुगली के जंगीपारा घटना से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान ।

### अब गाजियाबाद के लोनी में बाढ़

**गाजियाबाद। दिल्ली** के बाद अब यमुना नदी का पानी गाजियाबाद के कई गांवों में भी घुस रहा है। शुक्रवार सुबह तक यमुना का पानी लोनी इलाके के कई गांवों में घुस गया। ट्रोनिका सिटी पुलिस चौकी भी डूब गई। इससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। जलस्तर बढ़ने के कारण मंडोला और आवास विकास बिजलीघर की बिजली सप्लाई को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। इसके चलते हजारों उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना भी करना पड़ रहा है। रात्रि में बागपत और लोनी की सीमा पर पानी के तेज बहाव से यमुना नदी का पुश्ता बांध टूट गया, जिसके चलते पानी लोनी के ट्रॉनिका सिटी, अलीपुर, पचायरा, नवादा, मीरपुर हिंदू, सुंदरपुर और नौसरपुर गांव में घुस गया है। ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों पर पूरी तरह पानी भर गया है।

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मौके पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। बांध को दुरुस्त करने के लिए बागपत और गाजियाबाद जिला प्रशासन कोशिश कर रहा है। पुश्ता रात तक करीब 20 फीट क टूटा था, यमुना के तेज बहाव से वो पुश्ता अब करीब 150 फिट से भी अधिक क्षत्रिग्रस्त हो चुका है।

**मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर कावड़ियों का उत्साह बढ़ गया।**

## सीएम योगी ने मेरठ में कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

**मेरठः उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मेरठ में दिल्ली-रूड़की मार्ग पर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर कावड़ियों का उत्साह बढ़ गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अचानक मेरठ पहुंचे और उन्होंने पल्लवपुरम में दिल्ली-रूड़की रोड पर एसडीएस ग्लोबल हॉस्पिटल के सामने कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की। मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों का अभिवादन किया और उनको अपनी कांवड यात्रा को पूर्ण करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कांवड़ व्यवस्था के बारे में उच्चाधिकारियों से जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कांवड़ियों का उत्साह देखकर गदगद हो गए और उन्होंने कई बार कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच देखकर कांवड़िये फूले नहीं समाए और उन्होंने मोदी-योगी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश के सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रमुख सचिव गृह व सूचना संजय प्रसाद, एडीजी राजीव सब्बरवाल, आयुक्त सेल्वा कुमारी जे., आईजी नचिकेता झा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण आदि उपस्थित रहे।



**बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने कुल्लू पहुंचे नड्डा, केंद्र ने राज्य को दिया 180 करोड़ रुपये का राहत पैकेज**

## हिमाचल में बाढ़ से हुआ नुकसान में डराने वालाः नड्डा

**कुल्लूः भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार इस आपदा की घड़ी में प्रदेश के प्रभावितों के साथ खड़ी है। बारिश बाढ़ के कारण करोड़ों रुपये की निजी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आश्वस्त किया है कि प्रदेश को इस मुसीबत की घड़ी में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। जिनका नुकसान हुआ, उनके प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्रवार को भुंतर में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी को जैसे ही प्राकृतिक आपदा की खबर मिली, उन्होंने तुरंत प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात कर पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीआरएफ की 13 टीमें राहत और बचाव कार्य के लिए राज्य में भेज दी थी, जिससे राहत और बचाव कार्यों को गति मिली है। नड्डा ने कहा कि बारिश और बाढ़ से बहुत अधिक नुकसान हुआ है, यह दिल को डरा देने वाला है। राहत के लिए केंद्र सरकार ने राज्य को 180 करोड़ रुपये का राहत पैकेज दिया गया है। यहां का दौरा करने के बाद वह नुकसान की पूरी जानकारी मोदी को देंगे और राज्य में राहत कार्यों के लिए और पैकेज जारी कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अब राज्य सरकार से मिलकर क्षतिग्रस्त सड़कों को शीघ्र ठीक करने का कार्य किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर बजट का भी प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ के चलते सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं, ऐसे में सभी लोगों का यह कर्तव्य बनता है कि वह प्रभावित परिवार की मदद करें और उन्हें राहत प्रदान करें।



## सीएम नीतीश ने लाठीचार्ज पर कुछ भी बोलने से किया इन्कार

**पटनाः बिहार** में गुरुवार को भाजपा नेता कार्यकर्ता और सांसदों पर विधानसभा मार्च के दौरान लाठियां बरसाई गई। इसके पार्टी के कई नेता बुरी तरह से घायल हो गए। अब इसको लेकर भाजपा के तरफ से जांच के लिए 4 सदस्य टीम ही बनाए दी गई है। इसी कड़ी में अब इस पूरे मामले पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने इस मामले में कुछ भी बोलने से फिलहाल कन्नी काट ली है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा नेताओं पर हुए लाठीचार्ज मामले में महज इतना ही कहा है कि- अरे जो हुआ वह बता देगा ना। सीएम ने अपने अधिकारियों की तरफ इशारा करते हुए यह बातें कही है। मतलब साफ है कि सीएम नीतीश कुमार इस मामले में खुद कुछ भी नहीं बोलना चाहते हैं।



## खबर संक्षेप

### एसआरएन अस्पताल के गुंडे डॉक्टरों ने तीमारदार को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल में ताजा मामला सामने आया है तीमारदार को डॉक्टरों ने कमरे में बंद कर बेरहमी से पिटाई की है मरीजों ने बताया कि यहां अक्सर डॉक्टरों से सवाल करने पर वह मरीज और उनके तीमारदार की पिटाई करते हैं एसआरएन अस्पताल के डॉक्टरों के लिए यह कोई नया कारनामा नहीं है । जानकारी के अनुसार कौशांबी के महेवा घाट निवासी भैयालाल का पुत्र राहुल अपने बड़े भाई रामबरन और भाभी के साथ भाई के पैर मैं लगे रॉड को निकलवाने के लिए एसआरएन अस्पताल आया था। जहां डॉक्टरों ने उससे पैसे की डिमांड की। सूरज और उसकी भाभी ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं है तो तभी जूनियर डॉक्टर उन लोगों को अब जो शब्द कहने लगे उसे खबर के माध्यम से कहना ठीक नहीं है उसके बाद राहुल ने जब इसका विरोध किया तो डॉक्टरों ने उसे वार्ड नंबर एक के कमरे में घसीट कर जमकर पिटाई की सूचना पर एसआरएन चौकी में तैनात पुलिस पहुंची तो डॉक्टरों के चंगुल से राहुल को बचाकर लाई और उन लोगों को वापस बिना इलाज कर भेज दिया। राहुल ने बताया कि उसके भाई रामबरन की कुछ महीने पहले एक्सीडेंट में पैर टूट गया था। जिसका इलाज एसआरएन में चल रहा था उसके पैर में रॉड पड़ा हुआ था पैसे ना होने के कारण यहां से डिस्चार्ज करा लिया था आज पैर में लगे रॉड को निकलवाना था लेकिन जूनियर डॉक्टरों ने उसे बुरी तरह गाली गलौज किया और मारा-पीटा भी। वार्ड नंबर एक में भर्ती लोगों से जब बात की गई तो उन लोगों ने बताया कि यहां यह बातें अक्सर होती है कि डॉक्टर से अगर कोई सवाल करता है तो यह लोग मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं।

## प्रयागराज पुलिस कमिश्नर का बड़ा एक्शन

# 6 थाना प्रभारी लाइन हाजिर, 7 इंस्पेक्टर 22 दारोगा व 35 सिपाहियों का कार्यक्षेत्र बदला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर ने गुरुवार की रात बड़ी विभागीय कार्रवाई की। पशु क्रूरता के मामले में महीने भर से चल रही घूरपुर पुलिस के खिलाफ जांच की रिपोर्ट मिलने के बाद थानाध्यक्ष समेत 9 पुलिसकर्मियों पर गाज गिर गई। इसके अलावा विभिन्न आरोपों में दोषी पाए गए 6 थाना प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। साथ ही 7 इंस्पेक्टर, 22 सब इंस्पेक्टर, 6 कांस्टेबल समेत 35 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र बदल दिए गए । जिनके खिलाफ एक्शन लिया गया है, उनकी शिकायत लगातार पुलिस कमिश्वर को मिल रही थी। सभी की जांच कराने के बाद यह कार्रवाई की गई है हले बात घूरपुर थाने की। यहां 6 जून को गो वंशजों को लादकर जा रहा एक ट्रक जसरा में अनियंत्रित होकर पलट गया था। लोगों को कहना है कि इस घटना में पुलिस ने मृत गो वंशजों को दफनवा दिया था, लेकिन घायलों को वहीं छोड़ दिया था। ट्रक को भी छोड़ दिया गया था। किसी प्रकार की कोई लिखा पढ़ी नहीं की गई थी। इसकी शिकायत हुई थी। जिसकी डीसीपी स्तर पर जांच कराई जा रही थी। जांच रिपोर्ट आने के बाद गुरुवार की रात पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने थानाध्यक्ष घूरपुर दिनेश




कुमार मौर्य, चौकी इंचार्ज गौहनिया ताराचंद, सब इंस्पेक्टर हरनारायण सिंह, कांस्टेबल अमित यादव, राकेश यादव, समीर सिंह, विमल रावत, राकेश पाल एवं काफी दिनों से विवादित चल रहे ड्राइवर वशिष्ठ यादव को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस कमिश्नर रमेश शर्मा ने कर्नलगंज थाना प्रभारी राम मोहन राय को रिजर्व पुलिस लाइन भेज दिया। ट्रैफिक पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर जना्दन प्रसाद साहनी को जेल पुलिस प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा बहरिया थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह को रिजर्व पुलिस लाइन भेजा गया है। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी संजीव कृमार चौबे को धूरपुर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीपी नगर, धूमनगंज चौकी प्रभारी सुभाष कुमार सिंह को संजीव कुमार चौबे के स्थान पर औद्योगिक क्षेत्र का जिम्मा सौंपा गया है। ब इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार पटेल को रिट सेल से थानाध्यक्ष बहरिया, मनीष कुमार त्रेपाठी को शिवकुटी थानाध्यक्ष से प्रभारी सर्विलांस सेल जोन नगर, सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह को प्रभारी सर्विलांस जोन नगर से थानाध्यक्ष शिवकुटी, इंस्पेक्टर कोरांव धीरेंद्र कुमार सिंह को प्रभारी आईजीआरएस सेल, सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार को थाना खीरी से थानाध्यक्ष कोरांव, इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रसाद को प्रभारी आईजीआरएस से इंस्पेक्टर एयरपोर्ट थाना बनाया गया है। इसी प्रकार सब इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह को थानाध्यक्ष होलागढ़ से धूमनगंज थाने का सेकंड आअफसर नियुक्त किया गया है। सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार को धूमनगंज थाने के सेकंड अफसर से थानाध्यकष होलागढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इंस्पेक्टर सिविल लाइन भेजे गए पुलिस लाइन, पुलिस आयुक्त के पीआरओ पंकज को उतरांव थाने की कमानसब इंस्पेक्टर श्रवण कुमार को थानाध्यक्ष उतरांव से सेकेंड अफसर धूमनगंज बनाया गया है। या पुलिस आयुक्त के पीआरओ पंकज कुमार त्रिपाठी को थानाध्यक्ष उतरांव, सब इंस्पेक्ट्र प्रेमशंकर को कौंधियारा सेकंड अफसर से हटाकर चौकी प्रभारी गौहनिया घूरपुर की जिम्मेदारी दी गई है। सब इंस्पेक्टर आशीष सिंह को फाफामऊ थानाध्यक्ष से रिजर्व पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनके स्थान पर सर्विलांस सेल प्रभारी रहे सब इंस्पेक्टर शांतनु चतुवेर्दी को फाफामऊ थाने का जिम्मा दिया गया है। इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह को सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक से रिजर्व पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनके स्थान पर सिविल लाइंस कोतवाली में तैनात अतिरिक्त इंस्पेक्टर भानु प्रताप को प्रभारी थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। मुट्ठीगंज थाना प्रभारी आशीष कुमार चौबे को एसओजी प्रभारी जोन नगर के पद पर भेजा गया है। उनके स्थान पर धूमनगंज के सेकंड अफसर विपिन यादव को मुट्ठीगंज थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार सराय इनायत थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय को रिजर्व पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनके स्थान पर एसओजी जोन नगर के प्रभारी रहे सब इंस्प्पेक्टर आशीष कुमार को थानाध्यक्ष राय नायक की जिम्मेदारी दी गई है। नैनी कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर विजय सिंह को नैनी से हटाकर कर्नलगंज कोतवाली का जिम्मा सौंपा गया है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर के वाचक रहे इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह को नैनी इंस्पेक्टर बनाया गया है।

## न्यूज झरोखा

### कानपुर से छोड़ा जा रहा पानी संगम में गंगा के कछार डूबेंगे



**प्रयागराज।** गंगा और यमुना के सहारे प्रयागराज आ रहे लाखों क्यूसेक पानी से अभी बाढ़ का खतरा तो नहीं है, लेकिन गंगा का कछार डूबेगा। नई दिल्ली में आई बाढ़ और गंगा में कानपुर से छोड़ा जा रहा पानी एक साथ शुक्रवार देर रात या शनिवार सुबह प्रयागराज पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। दोनों पानी पहुंचने पर गंगा, यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ेगा। कानपुर बैराज से गुरुवार सुबह एक लाख 174 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया। बुधवार को बैराज से छोड़ा गया 61 हजार 860 क्यूसेक पानी आ रहा है। इसी के साथ दिल्ली में भी बाढ़ का पानी आएगा। अभी संगम के कछार में 60-70 हजार क्यूसेक पानी का प्रवाह है। कानपुर बैराज और दिल्ली से बाढ़ का पानी पहुंचने पर संगम में तीन लाख क्यूसेक तक पानी का प्रवाह होगा। गंगा और यमुना का पानी बढ़ने से पहले मेजा में टोंस का जलस्तर 48 घंटे में चार सेमी बढ़ा है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता बृजेश सिंह ने बताया कि अभी बाढ़ का खतरा नहीं है। दिल्ली अऔर बैराज का पानी आने से कछार भरेगा। बाढ़ का कोई खतरा अभी नहीं है। यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ने के संकेत मिलने लगे हैं।

### गंगा घाटों पर उमड़ी कांवरियों की भीड़, बोल बम के जयकारों से गुंज उठा गंगा घाट



**प्रयागराज।** में सावन मास की कामिका एकादर्शी पर गुरुवार को दशाश्वमेध और दारागंज घाट बोल बम के जयकारों से गुंज उठा। कांवरियों ने गंगा स्नान किया और गंजाजल भर काशी विश्वृनाथ के लिए प्रस्थान कर गए। कांवरियों का आना सुबह से शुरू हो गया था। दोपहर तक हजारों की संख्या में कांवरिए घाट पर पहुंचे। कांवर यात्रा में युवा और महिलाएं शामिल रहीं। एकादशी पर घरों में व्रती लोगों ने भगवान विष्णु का विधिविधान से पूजन कर भोग अर्पित किया। पूजन के साथ कामिका एकादशी व्रत कथा का पाठ किया। एकादशी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम समेत गंगा-यमुना के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। तीर्थपुरोहितों को अन्न वस्त्र दान किया। महिलाओं ने गंगा तीरे दीप जलाकर सुख-समृद्धि की कामना की। उत्थान ज्योतिष संस्थान के निदेशक पं. दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि कामिका एकादशी पर व्रत करने से भक्तों को बुरे कर्मों से मुक्ति मिलती और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भगवान शिव और विष्णु की पूजा विशेष फलदायी होती है।

### शोकाकुल परिवार से मिले मेयर बंधाया ढांढस



**झूंसी।** रीवा के केवटी फाल गए प्रयागराज के चार युवाओ की हादशे में दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसमे झूंसी का इकलौता सत्यजीत चटर्जी भी शामिल था। मेयर गणेश केशरवानी गुरुवार की शाम सत्यजीत के घर पहुच कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया। सत्यजीत के पिता समीर चटर्जी व माँ सुचित्रा को ढांढस बढ़ते वक्त मेयर गणेश केशरवानी की भी आँखे भर आईं। उन्होंनेकहा कि आप के दुख को हम समझ सकते है। आप के बेटे की कमी तो दूर नही कर सकते पर एक परिवार के सदस्य की तरह हम आप के साथ है। इस दौरान पार्षद अनिल यादव, लारा, अमर सिंह, मनोज जिगिना, अनिल श्रीवास्तव, प्रदीप सक्सेना, आयुष आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज में रेप के आरोपी की जमानत खारिज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बृहस्पतिवार को धर्म परिवरतन के लिए उकसाने व रेप के आरोपी साड़ी सेंटर के मालिक शब्बीर अंसारी की जमानत याचिका खारिज हो गई। जिला शासरकीय अधिवक्तागुलाब चंद्र अग्रहरि की बहस के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष राय ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी शब्बीर की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामला प्रयागराज के सराय ममरेज थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) ने बताया कि सराय ममरेज थाना अंतर्गत बंदी पट्टी बाजार में साड़ी सेंटर है। जहां क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की काम करती थी। लड़की ने साड़ी सेंटर के मालिक शब्बीर पुत्र नूर मोहम्मद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि जब भी साड़ी सेंटर मालिक शब्बीर अकेले में पाते हैं तो उसके साथ अश्लील हरकत करते हैं। पीड़िता खाना खाने के लिए दोपहर में कमरे गई। वहां मौका पाकर शब्बीर घुस गया और उसके साथ जोर जबरदस्ती की। लड़की ने आरोप लगाया कि शब्बीर सदैव उसके साथ अश्लील हरकत करते थे और उस पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाते थे। आरोप है कि शब्बीर का कहना था कि वह धर्म परिवर्तन कर ले तो वह उसके साथ शादी कर लेगा। उसका कहना था कि अगर धर्म परिवर्तन करके उसके साथ शादी करेगी तो उसे जन्नत मिलेगी। उसी गरीबी दूर हो जाएगी। धन-दौलत से मालामाल हो जाएगी। उसने आरोप लगाया कि 29 मई 2023 को सुबह 9:00 बजे जब लड़की दुकान में बगल के कमरे में खाना खाने गई तो शब्बीर भी पीछे से

### साड़ी सेंटर के मालिक ने धर्म परिवर्तन का भी बनाया था दबाव, दुकान में काम करती थी पीड़िता

चला गया और उसके साथ दुराचार किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। रेप के दौरान ही शब्बीर का बेटा महफूज आ गया। महफूज ने लड़की को कई थप्पड़ जड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। जिससे भयभीत लड़की वहां से चुपचाप अपने घर चली गई और उसके बाद सराय ममरेज थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसी प्रकरण में शब्बीर अंसारी ने जमानत के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश इलाहाबाद की अदालत में याचिका दाखिल की थी। जिस पर गुरुवार को सुनवाई थी। सुनवाई के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरे ने उसकी जमानत का विरोध किया। कहा कि यह संगीन अपराध है। पीडिता अपने 161 और 164 के बयान में सीथे धर्म परिवर्तन और रेप का आरोप लगाया है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को जमानत दिया जाना न्याय हित में नहीं होगा। जिला एवं सत्र न्यायारधीश संतोष राय अपराध की गंभीरता को देखते हुए शब्बीर अंसारी की जमानत याचिका खारिज कर दी। शब्बीर अंसारी के खिलाफ सराय ममरेज थाने में धारा 323, 504, 506, 294, 354 (क), 376 आईपीसी 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि परिवर्तन प्रतिशोध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज है।

# जंक्शन से 15 जून को चोरी हुए बच्चा बरामद

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जंक्शन के प्लेटफार्म नम्बर एक से 15 जून को चोरी हुए टेंट कारोबारी के बेटे को खुल्दाबाद पुलिस ने सकुशल ढूंढ निकाला। जंक्शन के निकासी द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरे में एक फुटेज पुलिस को मिली थी। जिसर एक व्यक्ति 5 साल के बच्चे को ले जाते हुए दिख रहा था। उसी फुटेज के आधार पर पुलिर पुलिस ने पीपल गांव के पास से बच्चे को सही सलामत बरामद किया। आरोपी को भी पकड़ लिया। पुलिस का दावा है कि आरोपी बोल-सुन नहीं सकता है। के भदोही जनपद के गोपीगंज थाना क्षेत्र के भूरी पुर गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र कमलथारी गोपीगंज में टेंट का कारोबार करते हैं। सुनील कुमार के मुताबिक उनके दो बच्चे है। बड़ी बेटी लाड़ो और छोटा बेटा कृष्णा उर्फ गुल्लू साढ़े पांच साल का है। सुनील ने बताया कि उनकी पत्नी आरती देवी 15 जून को अपने बेटे कृष्णा के साथ अपनी बहन की ससुराल फतेहपुर जा रही थी। प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक के निकास गेट पर ट्रेन के इंतजार में आरती अपने बच्चे को लेकर लेटी थी। वहीं उसको नींद लग गई। मां बेटे सो रहे थे। जब आरती की नीद खुली तो कृष्णा गायब था। आरती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए वह किसी को बिना कुछ बताए अपनी बहन के यहां चली गई। चार दिन बाद जब सुनील उसे लेने फतेहपुर पहुंचा तो वहां उसे कृष्णा नहीं दिखा। सुनील ने आरती से कृष्णा के बारे में पूछा तब उसने बताया कि कृष्णा तो प्रयागराज जंक्शन से 15 जून को ही खो गया था। यह सुनकर सुनील सन्न रह गया। सुनील कुमार फतेहपुर से भागकर प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने जीआरपी प्रयागराज और खुल्दाबाद थाने में

### टेंट कारोबारी के इकलौते बेटे को उठा ले गया था, पत्नी बच्चे को लेकर जा रही थी प्लेटफार्म नंबर एक के निकास गेट पर



इसकी सूचना दी, लेकिन पुलिस ने उन्हें यह कहकर वापस कर दिया कि पहले जाओ खोजबीन करो। बेटे की तलाश में भटक रहे सुनील कुमार का कहना था कि उन्होंने अपने बेटे को हर जगह खोज डाला, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। दूसरी तरफ पुलिस और जीआरपी के लोग उन्हें 20 दिन तक टहलाते रहे। सारी जगह से जब उम्मीदें धूमिल हो गई तो 5 जुलाई को उनके बेटे की अपहरण की एफआईआर दर्ज की गई। सुनील कुमार का दावा है कि प्रयागराज जंकशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में उनके बेटे को एक व्यक्ति उठाकर ले जाते हुए साफ दिख रहा है, जो बाहर तक देखा जा रहा है। इसकी फुटेज पुलिस के पास है, बावजूद इसके अभी तक खुल्दाबाद पुलिस और जीआरपी प्रयागराज उनके बेटे का पता नहीं लगा पाई है। खुल्दाबाद थाने के इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा ने बताया कि बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। आरोपी मोहम्मद जावेद पुत्र बदलू निवासी खेड़आ, रावतपुर, पिपरी, कौशांबी को कटहुला मोड़ के पास स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। वह सून-बोल नहीं सकता है। बच्चा उसने क्यों चुराया, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। एक्सपर्ट बुलाकरजाएगी उससे पूछताछ कराई जाएगी।

# वृहद वृक्षारोपण अंतर्गत पौधों का हुआ निशुल्क वितरण

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज में उद्यान विभाग के सहयोग से अमरूद, नींबू,करौंदा, सहजन, आम आदि के पौधों का निःशुल्क वितरण वी के सिंह की उपस्थिति में 137 सीटीएफ बटालियन 39 गोरखा राइफल्स के प्रतिनिधियों द्वारा नींबू कटहल अमरूद सहजन करौंदा आदि के अधिक मात्रा में पौधे निःशुल्क प्राप्त कर गंगा के किनारे के क्षेत्रों में राजकीय भूमियों में रोपित करने के उद्देश्य से खुसरोबाग से निःशुल्क पौधे प्राप्त किए श्री सिंह द्वारा पौध रोपण कार्य करने की तकनीकी बारीकियों को भी उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि पर्याप्त आकार का गड्ढा खोदकर जिस पर पौधे की पिंडी पूरी तरह जमीन के अंदर चली जाए उस पर लगाना चाहिए तथा पौधे लगाने के बाद चारों तरफ से मिट्टी को अच्छी तरह से दबाकर अंदर की खाली स्थान को भर देना चाहिए इसके बाद उचित मात्रा में सिंचाई समय-समय पर करते रहेंक औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज के मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ कृष्ण मोहन चौधरी द्वारा बताया गया कि वृक्षारोपण अंतर्गत विभिन्न फलदार पौधे विभिन्न फलदार बीजू पौधों का निःशुल्क वितरण 15 अगस्त तक किया जाएगा प्रयागराज क्षेत्र के जो भी राजकीय संस्थाएं स्वयंसेवी संस्थाएं अर्ध शासकीय संस्था के अलावा कृषक भी अपनी भूमियों पर वृक्षारोपण किए जाने हेतु खुसरोबाग की पौधशाला से बीजू पौधे निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं इसके अलावा पौधशाला के प्रभारी श्री वीके सिंह द्वारा बताया गया कि कलमी पौधे विशेष रुप से अमरूद के 29रू एवं आम के कलमी पौधे 39 रू प्रति पौधे की दर से विक्रय किया जा रहा है पौधों का वितरण कर रहे विवेक श्रीवास्तव सहायक उद्यान निरीक्षक द्वारा बताया गया कि अब तक लगभग 300 लोगों को पौधों को उपलब्ध कराया जा चुका है जिनका रोपण कृषकों द्वारा अपने खेतों पर किया गया है।

## हथिनी कुंड से फिर यमुना में छोड़ा गया तीन लाख क्यूसेक पानी, गंगा-यमुना में बढ़ा जल दबाव

**प्रयागराज।** गंगा-यमुना में बृहस्पतिवार को जल दबाव और बढ़ गया। हथिनी कुंड से यमुना में तीन लाख क्यूसेक पानी फिर छोड़ दिया गया। पहाड़ी इलाकों के अलावा पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी लगातार बारिश हो रही है। इससे यमुना की सहायक नदियों केन, बेतवा और चंबल में भी उफान आने की आशंका है। ऐसा हुआ तो निचले स्तरों में दिक्कतें पैदा हो जाएंगी।लगातार बढ़ते जलस्तर की वजह से गंगा-यमुना में जस दबाब बढ़ गया है। हथिनी कुंड से पिछले चार दिनों से यमुना में पानी छोड़ा जा रहा है। बृहस्पतिवार को तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से यमुना में जल्द ही प्रवाह बढ़ने की बात कही जा रही है। फिलहाल जिले में स्थापित बाढ़ चौकियों और आपदा राहत टीमों को सक्रिय किया जाने लगा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर से देर शाम जारी बुलेटिन के मुताबिक फिलहाल गंगा और यमुना में एक-एस सेंमी प्रति घंटा की रफ्तार से वृद्धि हो रही है।रात आठ बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 77.77 मीटर और छतनाग में 74.34 मीटर रिकार्ड किया गया। इसी तरह नैनी में यमुना का जलस्तर 74.78 मीटर पर पहुंच गया है। गंगा-यमुना के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे निचले इलाकों में चिंता पैदा हो गई है। उधर, श्मशान घाटों पर निगरानी बढ़ी दी गई है। फाफामऊ श्मशान घाट पर कटान शुरू हो गई है। नगर निगम के क्रमचारियों को हिदायत दी गई है कि एक भी शव रेत से निकलकर गंगा में बहने न पाएं।

## समर्थकों के साथ सरकार की नीतियों का किया प्रचार

**मेजा रोड।** मेजा तहसील के छतवा गांव में गुरुवार को भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला उर्फ राजू भैया ने सैकड़ों समर्थकों संग सरकार की नीतियों का प्रचार किया। कहा कि डबल इंजन की सरकार देश व प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाना हम भाजपा कार्यकताओं का दायित्व है। प्रधानमंत्री के नौ साल बेमिसाल बताकर लोगों को भाजपा से जुड़ने की अपील की। अभियान से जुड़ने के लिए टोल फ्री नंबर पर मिस्ड काल कराया। कहा कि सरकार की योजनाएं जनता के लिए हैं। आने वाला समय फिर से भाजपा का होगा। इस दौरान सतीश कुमार, राजाराम निषाद, बृजेश कुमार निषाद, जीत नारायण, संदीप कुमार, कमला शंकर, सत्येंद्र कुमार, निर्मला देवी, दिनेश कुमार, ओम प्रकाश मिश्र, वरूण मिश्र, अंकित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मंत्री नंदी की मां का ऑपरेशन सरकारी अस्पताल में हुआ

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। ऑपरेशन थियेटर से व्हील चेयर पर बैठाकर ले जाते मंत्री प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं न सिर्फ बेहतर हुई हैं, बल्कि लोगों का विश्वास भी बढ़ा है। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शुक्रवार को मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में अपनी मां के आंख का ऑपरेशन करा कर यही संदेश दिया। मंत्री नंदी ने ट्वीट कर लोगों को यह जानकारी दी और मां को व्हील चेयर पर बैठाकर ऑपरेशन थियेटर से वार्ड तक ले गए। मंत्री ने ट्वट में लिखा..क्योंकि ईश्वर मानव रूप में हर जगह नहीं पहुंच सकता इसलिए ईश्वर ने सबको मां प्रदान किया है, परंतु मेरी मां मेरे जन्म, कर्म और धर्म की महान प्रेरणा स्रोत है। नंदी ने आगे लिखा कि जिन आंखों से हमने वात्सल्य और स्नेह की भाषा सीखी थी जब उनको चिकित्सा की आवश्यकता हुई तो हमें प्रयागराज के आमजन के लिए निर्मित विकसित और उच्च स्तरीय सुविधा वाले सरकारी हॉस्पिटल मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय को चुनने में तनिक भी समय नहीं लगा। नंदी ने कहा कि क्योंकि गर्व का विषय है कि अज वहीहॉस्पिटल आंख के ऑपरेशन के मामले में उत्तर प्रदेश का उच्चतम सुविधा वाला अस्पताल है। यह उत्तर प्रदेश के चतुर्दिक समाग्र विकास का एक सशत्त उदाहरण है कि जिन सरकारी अस्पतालों में लोग जाने से कतराते थे आज वह प्रदेश का

### मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में हुआ ऑपरेशन



उच्चतम सुविधा से संपन्न आम और खास सभी के लिये सुलभ चिकित्सा स्थल है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट की अपेक्षा सरकारी अस्पतालों में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने चिवकित्सकों का भी आह्वान किया है कि मरीजों के इलाज के साथ साथ उनके साथ आच्छा बर्ताव करें।

# रेलवे जंक्शन पर तीन गांजा तस्कर हुए गिरपफ्तार

## ट्रेन में यात्रियों को बेचते थे गांजा, 6 किलोग्राम गांजा जब्त

**प्रयागराज।** रेलवे जंक्शन पर जीआरपी और सीआईबी की संयुक्त टीम ने अवैध गांजा बेचने वाले तीन युवकों को पकड़ा है। तीनों 6 किलो अवैध गांजा लेकर प्लेटफार्म पर मौजूद थे ऑपरेशन नाकोज के तहत चल रही टीम ने तीनों संदिग्ध अवस्था में पाए गए। प्लेटफार्म नंबर 2 पर तीनों को पुलिस ने पकड़कर पूछताछ करते हुए तलाशी ली तो उनके पास से 6 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वह इस गांजे को यात्रियों को बेचते हैं। पकड़े गए गांजे की अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपये बताई जा रही है। तीनों को संबंधित थाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है। जीआरपी ने जिन तीन अभियुक्तों को पकड़ा है उसमें से एक युवक उड़ीसा का रहने वाला है। इसका नाम बबलू नाथ पुत्र बाबुलनाथ (19 वर्ष ) निवासी खुदडा, थाना खुदडा जिला खुर्दा उड़ीसा का निवासी है। इसी तरह आदित्य कुमार पुत्र सहदेव सविता (22 वर्ष) निवासी मोहल्ला नई बाजार कस्बा खागा थाना खागा जिला फ्तेहपुर और अंकुश यादव पुत्र स्व. राजेश यादव (24 वरष) निवासी मोहल्ला नई बाजार कस्बा, थाना खागा, जिला फतेहपुर का निवासी है। तीनों एक साथ मिलकर इस अवैध थंधे में संलिप्त थे।

# यह संकल्प निभाना है-हर एक बूँद बचाना है

### भूजल सप्ताह का आयोजन 16 जुलाई से 22 जुलाई तक, सीडीओ ने वर्षा जल संचयन के लिए लोगों को जागरूक किए जाने के लिए कहा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को विकास भवन के सरस सभागार में दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई, 2023 तक ह्यह्ययह संकल्प निभाना है-हर एक बूँद बचाना हैह्लह्ल विषय बिन्दु पर ह्यह्यभूजल सप्ताहह्लह्ल के सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने भूजल सप्ताह के आयोजन के सम्बन्ध भू-जल संरक्षण से सम्बन्धित कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी विभागों को कार्य करने हेतु निर्देशित करने के साथ-साथ भूजल सप्ताह से सम्बन्धित कार्ययोजना अविलम्ब उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विभाग, स्वयं सेवी संस्थाएं भूजल सप्ताह कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करें, जिससे भूगर्भ जल के संचयन के लिए आमजन को जागरूक किया जा सके। वर्षा




जल संचयन के लिए गाँव-गाँव और नगर में भी लोगों को जागरूक करें। परियोजना अधिकारी अशोक कुमार मौर्या द्वारा समस्त विभागों को दिनांक 16 से 22 जुलाई 2023 तक प्रत्येक दिवस पर कृत जागरूकता कार्यों की प्रगति (फोटो सहित) से कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज एवं भूगर्भ जल विभाग, प्रयागराज को अवगत कराने के निर्देश दिये गये साथ ही साथ वाटस-एप ग्रुप के माध्यम से भी विभागों से सूचना आदान-प्रदान करने के निर्देश दिये गये। भूगर्भ जल विभाग के हाइड्रोलाजिस्ट रवि शंकर पटेल के द्वारा विभागीय कार्ययोजना से बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को अवगत कराया गया। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियन्ता नलकूप विभाग, एसडीओ वन विभाग, सचिव आईईआरटी, सूचना अधिकारी, क्षेत्रीय निदेशक, प्रदूषण बोर्ड, सहायक अभियन्ता-सिंचाई विभाग, चिकित्सा अधिकारी-मुख्य चिकित्सा कार्यालय, सहायक प्रबन्धक-जिला उद्योग केन्द्र, प्रधानाचार्य आईटीआई, आर्किटेक्ट, स्वयं सेवी संस्थाओं के सदस्य, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य लोगो ने प्रतिभाग किया।


# कार्यालय ग्राम पंचायत रत्योरा करपिया विकास खण्ड - कोरांव, प्रयागराज

## अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-रत्योरा करपिया के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 14.04.2023 सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 15.05.2023 को सायं 2 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र 10रू. के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा करराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

नोट-सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार बढ़ घट सकती है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | भोलानाथ पाल का कैटिल सेट निर्माण कार्य | 1.5 लाख |
| 2. | मनरेगा | हृदयानन्द का कैटिल सेट निर्माण कार्य | 1.5 लाख |
| 3. | मनरेगा | विजेन्द्र प्रसाद सिंह का कैटिल सेट निर्माण कार्य | 1.5 लाख |
| 4. | मनरेगा | रंजना देवी का कैटिल सेट निर्माण कार्य | 1.5 लाख |

शशिकान्त कुशवाहा (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत रत्योरा करपिया वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

कमल कुमार (ग्रा. पं. वि. अ.) ग्राम पंचायत रत्योरा करपिया वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2023-24/दिनांक :

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही सरकारः डीआईओएस

### जनपद स्तरीय कार्यशााला का डीआईओएस ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने संकुल शिक्षकों के जनपद स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। अशोक कुमार, उप शिक्षा निदेशक एवं प्राचार्य डाइट के कुशल निर्देशन में चलने वाली चार दिवसीय कार्यशाला जो कि 13 से 16 जुलाई तक प्रस्तावित है के द्वितीय दिवस का उद्घाटन के मुख्य अतिथि के रूप में सरदार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ मोहम्मद अनीस रहे।




जनपद स्तरीय कार्यशााला में मुख्य अतिथि का स्वागत करते शिक्षकगण।

कार्यक्रम प्रभारी के रूप में रहे डॉ विवेक तिवारी और गर्विता ओझा रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग इस समय अभूतपूर्व तरीके से काम कर रहा है। प्रदेश स्तरीय नेतृत्व के द्वारा बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत सारे महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं प्रदेश स्तर पर लिए गए निर्णय के बेहतरीन क्रियान्वयन एवं निपुण भारत मिशन के लक्षणों को समय से प्राप्त करने के लिए सभी जनपद न्याय पंचायत स्तर पर संकुल शिक्षक का गठन किया गया है और उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। अपने विद्यालय को समय से निपुण विद्यालय के रूप में विकसित करें। इस समय जनपद प्रतापगढ़ में 18 विकास खंडों में 172 न्याय पंचायतों में कुल 860 संकुल शिक्षक कार्य कर रहे हैं और अपने मिशन को पूरा कर रहे हैं और विद्यालयों को निपुण विद्यालय के रूप में लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने संकुल शिक्षकों से अपील की कि आप विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने में अपनी विशेष भूमिका अदा करें एवं अन्य शिक्षकों के लिए एक आदर्श बनें। कार्यक्रम में आभार अमरेंद्र मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र यादव, नूर फातिमा, केके यादव, शिक्षा यादव, सुचिता तिवारी, मोहम्मद फिरोज, करुणा शुक्ला, डॉ दुर्गेश, अनूप, विजय एवं समस्त डायट परिवार और अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शहर में सफाई महाअभियान का हरी झण्डी दिखाकर नपाध्यक्ष ने की शुरूआत

### कटरा रोड पर सुबह आठ बजे हुई महाअभियान की शुरूआत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देष पर नगर पालिका 14 जुलाई से 21 जुलाई तक चलाये जाने वाले सफाई महाअभियान का आज शुक्रवार को कटरा रोड पर नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि नगर विकास मंत्री के निदेर्षों के अनुरुप शहर में कहीं भी गंदगी न रहे, इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। शहर को साफ-सुथरा रखने के लिये नागरिकों का भी पूर्ण सहयोग लिया जाएगा। इस सफाई महाअभियान के शुभारंभ के अवसर पर नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील, आरआई लाल बहादुर सिंह, प्रषांत सिंह, स्वच्छ भारत मिषन के वरुण प्रताप सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के अलावा भाजपा नेता गोकुल प्रसाद श्रीवास्तव आदि



सफाई महाअभियान का हरी झण्डी दिखाते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह

रहे। इसके अलावा नगर पालिका के 100 कर्मचारी जेसीबी, टैज्क्टर, नाला क्लीनिंग मषीन, मैजिक, पेड़ काटने की मषीन, एंटी लार्वा किट लेकर मुस्तैद रहे। पहले दिन सफाई महाअभियान मुर्गी फार्म तक चला। इस अभियान में जहां भी गंदगी या कूड़ा की सूचना मिलेगी, वहां नगर पालिका अपनी टीम के साथ साफ-सफाई के लिये पहुंचेगी। आगामी 22 जुलाई को महाअभियान का समापन वृक्षारोपण के साथ किया जाएगा।



वृक्षारोपण करते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

# एलायंस क्लब का पौधरोपण अभियान निरंतर जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ के द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण/पौधवितरण अभियान में आज भी चिलबिला, सदर बाजार, बस अड्डा आदि जगहों पर पौधरोपण एवं पौध वितरण किया गया। क्लब गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण/पौध वितरण कर हर एक व्यक्ति को पौधरोपण करने के लिए जागरूक कर रहा है। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने पौध वितरण करते हुए कहा कि क्लब का पौधरोपण/पौध वितरण अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। पौध रोपण से ही पर्यावरण व जीवन बचाया जा सकता है सभी जनमानस से इस अभियान में जुड़ने की अपील की। क्लब के इस अभियान से जुड़कर जिले में हरियाली लाने में सहायक बने। कार्यक्रम के मौके पर परमानंद मिश्रा, शिवेश शुक्ला, अंबिका प्रसाद, मानसिंह, रामकुमार, जयराम, विवेक कुमार, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, आदर्श कुमार, शनि, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

# बेल्हा के बिरहा यूट्यूबर ने दुनिया मे मचाया धूम, कमाई है लाखों में

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के पेशे से वेटेनरी डॉक्टर मगर जुनून से बिरहा गाने वाले एक लोक गायक ने अपने लोक कला के प्रति ऐसी लगन लगाई कि कीर्तन सुनने वाले जनपद से बिरहा का यूट्यूब चैनल बनाया और लोकप्रियता तथा कमाई का नया कीर्तिमान बना के, सभी के लिए नजीर बन गए है।

मौजूदा समय में चैनल के माध्यम से उनकी कमाई लाख के करीब है, और पांच नव युवको को रोजगार भी दिया है। यूट्यूब के आधिकारिक डेटा के मुताबिक अब तक 50 करोड़ बार उनके वीडियो को देखा गया है। इस साल यूट्यूब द्वारा उन्हें श्बेस्ट क्रिएटर ऑफ द ईयर अवार्ड 2023 से भी नवाजा गया है। क्षेत्र के अदलाबाद अंधरी पुर ग्राम पंचायत के निवासी रामसेवक यादव पेशे से वेटेनरी प्राईवेट पशु डॉक्टर है, मगर जुनून से बिरहा गायक है। साल 2019 में उन्होंने अपने लोकगायन को संग्रहित करने के लिए रामसेवक बिरहा म्यूजिक नाम से चैनल बनाया था। शुरूवाती दिनों में सिर्फ वे अपने गाये हुए बिरहा को अपने



राम सेवक यादव।

यूट्यूब चैनल पर अपलोड करते थे। मगर धीरे, धीरे उनके चैनल की लोकप्रियता बरने पर अन्य कलाकारों के बिरहा की मांग भी

### अवध के कीर्तन सुनने, गाने वाले बेल्ट से बिरहा में मचा दिया धूम

होने लगी। दर्शको की मांग पूरी करने के लिए इस काम को बखूबी निभाया उनके बड़े पुत्र राजीव यादव ने बताया। बस फिर क्या था, अब उनका चैनल पूरी दुनिया के बिरहा प्रेमियो के बीच सबसे लोकप्रिय चैनल बन गया। इस बावत राजीव यादव ने बताया कि अब तक हमारे चैनल से 50करोड़ बार विभिन्न लोक गायकों का बिरहा अलग, अलग देशो में देखा जा चुका है। लगभग 200 के (2लाख) लोग हमारे सब्स्क्रिबर हो चुके है, एक लाख पूरा होने पर यूट्यूब की तरफ से सिल्वर प्ले



राजीव यादव।

बटन मिल चुका है। राजीव बताते है कि चैनल के लोकप्रियता का आलम यह है कि तकरीबन 50 फीसदी व्यू ब्रिटेन, अमेरिका, नेपाल जैसे बड़े देशों से आता है। सैकड़ों लोक कलाकार हमारे चैनल से जुड़ चुके है। चैनल से होने वाली आमदनी के बारे में उन्होंने बताया कि शुरूआती दिनों में 8-9 हजार रुपये प्रतिमाह यूट्यूब से मिलता था, अब लगभग एक लाख रुपये प्रति माह मिल जाता है। चैनल पर अनेक कंपनियां करवाती है प्रचार। राजीव आगे बताते है कि उनके चैनल की लोकप्रियता को देखते हुए समय, समय पर अनेक कंपनियां प्रचार करके, उसकी फीस हमे देती है, जिससे हमे अतिरिक्त आमदनी हो जाती है। पांच लोगों को दिया है रोजगार। वे बताते है कि चैनल को सुचारू रूप से चलाने के लिए संपादन, रिकॉर्डिंग, अपलोडिंग हेतु 5 नवयुवको को मासिक वेतन पर रखा गया है।

# कोटेदारों के यहाँ जमा हो रहे राशन कार्ड व आधारकार्ड

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** खाद्य रसाद विभाग द्वारा राशन कार्ड धारको के वेरी फिकेशन के लिए इन दिनों कोटेदारों की दुकानों पर राशन वितरण के दौरान कार्ड धारको का राशन कार्ड की फोटो स्टेट कापी व परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की फोटो स्टेट कापी जमा कराई जा रही है। जिसका कोई मतलब नही दिखाई दे रहा है क्योकि जो लोग मृतक हो चुके है और लड़कियो की शादी हो चुकी हैं उनके परिवार दे उनका राशन तो मिल रहा है आधार कार्ड की फोटो स्टेट कापी परिवार के साथ कोटेदार को दे दिया जिसकी जाँच पड़ताल की जाय तो बहुत से ऐसे कार्ड धारक मिलेंगे। जिनके परिवार मे मृतक हो चुके लोगो को भी राशन मिल रहा है। जो सोचने वाली बात है। इस बाबत जानकारी करने पर कुंडा आपूर्ति निरीक्षक शिव कुमार मिश्रा ने बताया कि राशन कार्ड धारको का के वाई सी जिस प्रकार बैंक मे होता है उसी प्रकार खाद्य रसद विभाग कर रहा है जिससे मृतक व शादी हो जाने पर उनकी जगह दूसरे का नाम नया राशन कार्ड बन सके कोटेदारों को राशन वितरण मे निर्देश दिया गया है कि जिसकी शादी हो चुकी है या मृतक हो गया है उसका नाम प्रोफार्मा कालम मे भरकर विभाग को जानकारी से अवगत कराएं।

# सीएससी केंद्रों पर मिल रही है ई कोर्ट और टेली लॉ की सुविधाएं

**पट्टी, प्रतापगढ़।** न्याय विभाग द्वारा संचालित लोगों को पैनल लायर द्वारा मुफ्त में कानूनी सहायता दी जा रही है सीएचसी केंद्रों पर लोग पहुंचकर अधिवक्ताओं से फोन पर जरूरी जानकारी ले रहे हैं। पट्टी तहसील के वीएलई विनय यादव और मनोज यादव ने बताया कि प्रोजेक्ट टेली लॉ भारत सरकार एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जिसके माध्यम से राज्य के दूरस्थ स्थानों पर निवास करने वाला व्यक्ति भी समाज की मुख्यधारा में आ जाता है, प्रोजेक्ट टेली लॉ समाज के कमजोर व्यक्तियों को एक ऐसा अवसर प्रदान करता है जहां पर एक ही छत के नीचे वह अपनी विधिक समस्याओं का समाधान तथा राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा पाता है टेली लॉ देश के सुदूर कोने में रहने वाले हर व्यक्ति को सफलतापूर्वक जोड़ने और उसके द्वार पर कानूनी सहायता पहुंचाने का प्रथम पहला प्रयास है। समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों का समावेशन और उनका कानून सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल भारत के तहत टेली लॉ एक जरूरी प्रयास जो संयुक्त रूप से न्याय विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और सी0एस0सी0 ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया है।

# जलाभिषेक के साथ गर्भगृह की परिक्रमा कर भोलेनाथ से मांगा आशीर्वाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रावण मास में विल्व पत्र, भांग व धतूरा के साथ शिव की पूजा अत्यन्त फलदायी होती है। इस माह में सच्चे मन से भगवान शिव की भक्ति से श्रद्धालु की मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। शुक्रवार को भी पौराणिक शिवस्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में बड़ी संख्या मे पहुंचे श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने गर्भगृह की परिक्रमा शिवनाम जाप व रूद्राभिषेक करके भगवान शिव का आशीर्वाद मांगा। इधर श्रावण मास में भगवान शिव के विशेष महात्म्य के चलते इलाके की मंदिरों में भी सुबह से शाम तक जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। नगर स्थित हरिहरम् मन्दिर, तिना स्थित बाबा बूढेश्वरनाथ धाम, सगरा सुंदरपुर स्थित नर्वदेश्वर धाम, राहाटीकर स्थित बाबा अमरनाथ धाम, देउम स्थित बाबा बूढेश्वर नाथ धाम आदि शिव मंदिरों मे भी जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वहीं पौराणिक शिवधाम बाबा घुइसरनाथ में जलाभिषेक के साथ ही परिसर में लगे मेले का भी लोगों आनन्द उठा रहे हैं।

# फायर ब्रिगेड चला रहा है जागरुकता अभियान

### शहर के बाबागंज में एक कोचिंग में आग पर नियंत्रण पर हुआ प्रदर्षन



कोचिंग सेंटर में आग से बचाव की जानकारी देते अधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आग से बचाव के लिये फायर ब्रिगेड इन दिनों जागरुकता अभियान चला रहा है जिसमें बैंकों, कोचिंग सेंटर तथा स्कूल कालेजों में युवाओं को प्रषिक्षित कर उन्हें जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। शहर के बाबागंज स्थित षिषिर क्लासेज में फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने आग से बचाव का प्रदर्षन कर लोगों को जागरुक किया।

अग्नि शमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, एएसआई राधेष्याम दुबे, विजय बहादुर, सत्य प्रकाश ने आग से बचाव के तरीकों पर विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को जानकारी दी और आग से बचाव का प्रदर्षन भी किया। ऐसे ही कार्यक्रम स्कूल, कालेजों व बैंकों में किये जा रहे हैं। बैंकों मं करेंसी चेस्ट भी किया जा रहा है। एएसआई राधेष्याम दुबे ने बताया कि इस समय जागरुकता पैदा करने के लिये जगह-जगह कार्यक्रम कर बच्चों खासकर युवाओं को प्रषिक्षित किया जा रहा है। अग्निषमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि आगजनी की रोकथाम में प्रषिक्षित युवा कारगर साबित होंगे।

# महिला व दो बेटों की पिटाई

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन के बंटवारे के विवाद को लेकर एक पक्ष ने एक महिला तथा उनके दो बेटे को जमकर मारा पीटा तथा अज्ञात लोगों ने बेटे को पीटकर जख्मी कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर रामनगर की रहने वाली फुलवंती ने बताया कि उसके आबादी की जमीन का बंटवारा हो चुका है वह अपने हिस्से की जमीन पर नींव खोदकर काम करवा रही थी तभी उसके पड़ोसी कुछ अज्ञात लोगों के साथ पहुंचकर नींव की दीवार को गिरा दिया और उसके दोनों बेटों को उठा ले गए और जान से मारने की धमकी दिए पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपी तथा अज्ञात लोगों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है।

# दुर्घटना में मृतक परिवारों के प्रति जताई संवेदना व की आर्थिक मदद

### शासन द्वारा दैवीय आपदा कोष से मदद दिलाने का दिया आश्वासन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के मोहनगंज बाजार के विक्रमपुर मोड के पास हुए भयानक हादसे में बारह लोगों की मौत की खबर से जहां पूरा प्रदेश शोकाकुल गमगीन है और मुख्यमंत्री द्वारा आर्थिक घोषणा के बाद शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी शुक्रवार को दुर्घटना में मृतक परिवारों में सतीश गौतम निवासी भैरोपुर नारायणपुर पहुंचकर शोक संवेदना जताते हुए परिवार के सदस्य को नौकरी तथा दैवीय राहत कोष से मदद दिलाने का आश्वासन दिया। उसके बाद नीरज पांडेय धनसारी जेठवारा मोहम्मद रईस रेडी जेठवारा, हरिकेश श्रीवास्तव धनसारी के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सभी परिवारो को दैवीय आपदा कोष से मदद दिलाने के साथ सभी परिवारों को 5-5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी तथा कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सभी आपके साथ हैं।

इस अवसर पर भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख पति डॉ राकेश सिंह ने भी मृतक परिवारों के के प्रति संवेदना जताते हुए हर संभव सहायता मदद करने का करने का भरोसा दिलाया इसके पूर्व वृहस्पतिवार को उन्होंने प्रत्येक मृतक परिवारों को 20-20 हजार की आर्थिक सहायता दी थी इस पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अनिल शुक्ला, शिव मूर्ति दुबे, ग्राम प्रधान सौरभ सिंह, संतोष सिंह, मोबीन, थानाध्यक्ष विनीत उपाध्याय, मीडिया प्रभारी अनूप त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी सहित क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# फेसबुक मे अवैध तरीके से पिस्टल लहराने वाले युवक का वीडियो वायरल

### वायरल वीडियो के प्रकरण की जाँच मे जुटी नवाबगंज पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की कानून ब्यवस्था को चुनौती देते हुए बेखौफ युवक फेसबुक मे पिस्टल लहराते हुए आडियो मे अपनी सुरक्षा की बात कह रहा है। जिसे न तो प्रदेश की योगी सरकार का खौफ है और न ही पुलिस प्रशासन का डर है जिसको लेकर लोगो मे तरह तरह की चर्चा हो रही है फेसबुक मे हाथो मे लिए पिस्टल युवक जनपद प्रतापगढ़ के थाना नवाबगंज के अस्थान गांव के विक्रम गौतम बताया जा रहा है फेसबुक मे लगी फोटो व ऑडियो वायरल होने पर प्रतापगढ़ पुलिस की रिप्लाई टियूट की गई है कि संबंधित प्रकरण की जाँच नवाबगंज थाना प्रभारी को आवश्यक कारवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

इस बाबत और अधिक जानकारी करने पर अस्थान चैकी इंचार्ज दीपक कुमार मौर्य ने बताया कि फेस बुक पर पिस्टल के साथ वायरल हुए युवक अस्थान चैकी क्षेत्र का है जिसका नाम विक्रम गौतम है जो लगभग डेढ़ साल से दिल्ली मे स्पोर्ट्स कम्पनी मे नौकरी करता है वहाँ के मैनेजर शिवम से विक्रम गौतम के गतिविधियों के बारे मे जानकारी किया तो कुछ भी गलत नही मिला जिससे कानून से खिलवाड़ करे। विक्रम के हाथों में पिस्टल को लाइटरगन जो दिल्ली मे रहकर फेसबुक के स्टेटस मे लगाकर रखे हुए हैं जिसकी जानकारी की जा रही है और पता लगाया जा रहा है कि विक्रम के हाथ मे कौन सी पिस्टल है। विक्रम के हाथ मे वायरल हुई पिस्टल असली या नकली जो भी हो विधिक कारवाई की जायेगी।

# पड़ोसी आरोपियों ने सीमेंट का पिलर तोड़ा, विरोध पर पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत में लगे हुए सीमेंट के पिलर को आरोपियो ने तोड़ दिया जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बेलसंडी गांव के अजयमणि का आरोप है कि बुधवार को उसके खेत में गड़े हुए पिलर को उनके पड़ोसी आरोपी आधा दर्जन लोग एक राय होकर तोड़ दिया जब उसने इसका विरोध किया तो सभी लोग लाठी डंडा लेकर उसे दौड़ा लिए। जान बचाने के लिए वह घर में घुसा तो घर में घुसकर आरोपियों ने उसे जमकर मारा पीटा पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# आज आयेंगे नसीमुद्दीन सिददीकी व डॉ. प्रमोद पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता व सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन की पूर्व बेला पर आज शनिवार को नगर स्थित आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय में सद्भावना सभा का आयोजन किया गया है। सभा मे बतौर मुख्यअतिथि उत्तर-प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रान्तीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री नसीमुददीन सिददीकी तथा प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक डॉ0 प्रमोद पाण्डेय भी बतौर अतिथि आयेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना करेंगी। शनिवार को लालगंज में दिन मे एक बजे से होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि सदभावना दिवस में प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर सोलह जुलाई से एक माह तक क्षेत्र में वृहद पौधरोपण अभियान की भी शुरूआत की जाएगी। वहीं सदभावना दिवस को लेकर लालगंज नगर में शुक्रवार से ही प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, केडी मिश्र आदि कांग्रेसी कार्यकताओं के साथ तैयारियों को लेकर मशक्कत करते दिखे। लालगंज के साथ रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र मे प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर बडे-बडे कटआउटस भी लगे देखे जा रहे हैं। वहीं नगर एवं क्षेत्र से लेकर कार्यक्रम स्थल तक भी माहौल कांग्रेसमय दिखने लगा है। सदभावना दिवस के आयोजन को लेकर इधर प्रशासनिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करने में पुलिस व प्रशासन को भी तैयारियों मे देखा गया।

## खबर संक्षेप

### तीन कोतवाल के कार्य क्षेत्र में हुआ फेरबदल

**कौशाम्बी** जिले की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने गुरुवार की देर रात तीन कोतवाल के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है अपराधों में अंकुश लगाने में निरंकुश हो चुके महेवाघाट कोतवाल रोशनलाल को पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन भेज दिया है और उनके स्थान पर मोहब्बत पुर पइंसा थाना के थानेदार रजनीकांत राजपूत को महेवा घाट थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है रजनीकांत राजपूत के महेवाघाट कोतवाल बनाए जाने के बाद खाली हुआ मोहब्बतपुर पइंसा थाना की जिम्मेदारी प्रभारी चुनाव सेल रामाशंकर को सौंपी गई है अभी प्रभारी चुनावी सेल में किसी की तैनाती नहीं की गई है पुलिस सूत्रों की मानें तो अभी कई कोतवाल पर तलवार लटक रही है और जल्द ही जिले में फिर बड़ा फेरबदल हो सकता है और कई कोतवाल पैदल हो सकते हैं

### कौशांबी की दो पुलिस चौकी प्रयागराज स्थानांतरित

**कौशाम्बी** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के रहीमाबाद और रावतपुर पुलिस चौकियां जनपद प्रयागराज स्थानांतरित हो गयी हैं।दोनों चौकियों के चौकी प्रभारी समेत समस्त स्टाफ पिपरी थाने लौट रहे हैं। रहीमाबाद पुलिस चौकी को पूरामुफ्ती थाना से और रावतपुर पुलिस चौकी को धूमनगंज थाने से जोड़ दिया गया है जिससे कौशांबी जिले में दो पुलिस चौकी कम हो गई है

### परदेश से वापस घर लौटे युवक पर तेजाब बम से हमला

**हर्रायपुर कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव निवासी बिंदा पुत्र सूरज पाल रोजी-रोटी के सिलसिले में बंगाल प्रान्त में रहते हैं 6 महीने बाद 13 जुलाई की रात्रि में वह अपने घर नसीरपुर लौट रहे थे जैसे ही बिंदा घर से थोड़ा पहले बाग के पास पहुंचे पहले से घात लगाए उनके विरोधी विजयपाल अपने दो अन्य साथियों के साथ परदेश से लौट रहे बिंदा पर तेजाब बम से हमला कर दिया है बम के हमले से उन्हें गंभीर चोटें आई हैं बम की आवाज सुनकर आसपास के लोग आवाज की दिशा में पहुंचे हैं मामले की जानकारी मिलते ही बिंदा की पत्नी बिमला देवी समेत परिवार और गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंचे हैं पुलिस को सूचना देकर घायल बिंदा को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है

### तालाब में डूबा 90 वर्षीय बृद्ध

**कौशाम्बी** थाना चरवा के काजू गांव निवासी देशराज उम्र 90 वर्ष पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल की 14 जुलाई को पैर फिसल कर तालाब में गिरने से डूब कर मौत हो गयी है इस सूचना पर मौके पर पुलिस पहुँची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।वृद्ध की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है

### महिला को युवक ने पीटा

**कौशांबी** थाना चरवा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत चरवा के पुरे कलापात गांव के एक युवक ने केवल इस बात के लिए महिला को गाली गलौज करते हुए बुरी तरह मारपीट दिया कि महिला ने उससे नाली के पानी को रोकने से माना कर दिया था। नगर पंचायत चरवा के पुरे कलापात गांव की रहने वाली ललिता देवी पत्नी लवकुश पासी ने थाना चरवा में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गांव के पड़ोसी फुन्नन पासी पुत्र स्व भुलई पर मारपीट का आरोप लगाया है ललिता देवी के घर के पास की नाली का पानी फुन्नन ने रोक दिया जिसका विरोध करने पर ललिता देवी को फुन्नन द्वारा भद्दी भद्दी गाली गलौज देते हुए, ललिता देवी को खींच कर लात घूसा से मारने पीटने लगा ललिता देवी ने शोर मचाया लोगो के आ जाने से विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। साथ ही महिला ने तहरीर में विपक्षी द्वारा उसके साथ अश्लील हरकत करने का भी आरोप लगाया है।

### भैंस चोरों को पकड़ने के बाद पिपरी पुलिस ने छोड़ा

**कौशांबी** पिपरी थाना क्षेत्र के लोकीपुर गोविंदपुर तेवारा निवासी त्रिभुवन सिंह पुत्र रामदीन ने क्षेत्राधिकारी चायल को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि 12 जुलाई की रात्रि को उनके गांव से 5 लोगों ने मिलकर उसकी व उसके पड़ोसी की 2 भैंस चोरी की थी मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई थी पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया लेकिन पकड़े गए आरोपियों को पिपरी पुलिस ने जेल नहीं भेजा है बताया जाता है कि जिनके ऊपर भैंस चोरी का आरोप है वह भैस चोरी में पहले भी जेल जा चुके हैं शिकायतकर्ता ने पकड़े गए लोगों को छोड़ने का आरोप थाना पुलिस पर लगाया है शिकायत कताओं का कहना है कि जिनके विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र दिए गए हैं वह गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिससे प्रार्थी का परिवार दहशत में जी रहा है

# तेज रफ्तार के कहर ने ली 5 वर्षीय मासूम की जान

## हादसे में गंभीर घायल बेटे समेत बाइक सवार दंपत्ति को इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती



**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी** जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक 5 वर्षीय बालक की मौत हो गई वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सैनी कोतवाली क्षेत्र के नदिया मई गांव के पास की है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को सैनी कोतवाली के रहने वाले अमित कुमार अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से अपने ससुराल पश्चिम सरीरा जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार सैनी कोतवाली क्षेत्र के नदिया मई गांव के पास पहुँचे अचानक तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी जिससे बाइक सवार व उनकी पत्नी और बच्चे लहूलुहान और सड़क पर गिर पड़े और हादसे में चारों को गंभीर चोटें आई हैं घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है वहीं इस घटना में बाइक सवार अमित कुमार के 5 वर्षीय बच्चे अंशु की मौत हो गई है घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बालक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत,परिजनों में मचा कोहराम

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के कनवार अंडर पास के पास दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर रेलवे ट्रैक पार कर रहे एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मानसिंह उम्र 53 वर्ष पुत्र झुरी सिंह निवासी ग्राम सभा कनवार थाना सैनी रेलवे अंडर पास से 500 मीटर पूर्व प्रत्येक दिन की भांति आज शुक्रवार सुबह रेलवे ट्रैक के पार अपने खेतों की तरफ जा रहे थे रेलवे ट्रैक पार करते समय डाउन लाइन पर वह ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है,मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## रेल लाइन पर मिली महिला की लाश नहीं हुई शिनाख्त

**टेडीमोड कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के शुजालपुर रेलवे लाइन के पास ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक महिला की उम्र लगभग 28 वर्ष बताई जाती है

## दिव्यांगजन दुकान संचालन के लिए ऋण अनुदान प्राप्त करने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को दुकान संचालन के लिए ऋण/अनुदान प्रदान किये जाने की योजना संचालित है। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने देते हुए बताया कि योजना के अन्तर्गत दुकान संचालन के लिए (खोखा/गुमती/हथठेला) पात्र लाभार्थी को वित्तीय सहायता के रूप में रू0 10 हजार की धनराशि स्वीकृत की जाती है, जिसमें रू0 7500 की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा 2500 की धनराशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि दुकान निर्माण/संचालन के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। लाभार्थी की आय गरीबी रेखा से अधिक नही होनी चाहिए। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि इच्छुक दिव्यांगजन ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो, आयु प्रमाण-पत्र जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो, सक्षम प्राधिकारी के स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित खाता, अधिवास का प्रमाण-पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति को स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र के साथ ऑनलाइन उपरोक्त वेबसाइड पर अपलोड करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, कक्ष सं0-28 विकास भवन, मंझनपुर में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकतें हैं

## दबंगो ने जबरन गिराई दीवार, विरोध करने पर धमकी

**कौशाम्बी** थाना चरवा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत चरवा के पूरब थोक म दबंगों द्वारा जबरन नव निर्मित दीवार गिरा दिया गया। जिसकी शिकायती प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित द्वारा चरवा थाना में दिया गया। चरवा पूरब थोक की निवासी विमला देवी पत्नी छंगू पासी ने बताया कि पड़ोसी कल्लू ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसकी दीवार गिरा दिया है मना करने पर मारपीट की धमकी दी है।

# सीडीओ ने चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की सुनी समस्याये

**कौशाम्बी** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने शुक्रवार को विकास खण्ड-सिराथू की ग्राम पंचायत-बारातफारिक में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें मुख्य विकास अधिकारी ने चौपाल में ग्रामवासियों को वृक्ष के महत्व की जानकारी देते हुए ग्रामवासियों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आग्रह किया। ग्राम चौपाल में केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, परिवारिक लाभ योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन एवं बृद्धावस्था पेंशन योजना एवं अभ्युदय योजनान्तर्गत संचालित निःशुल्क कोचिंग सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी। इसके साथ ही अन्य जिला स्तरीय




अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया ग्राम चौपाल में उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा, खण्ड विकास अधिकारी सिराथू भावेश शुक्ल, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं अवर अभियन्ता लघु सिंचाई सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे

# 22 जिले के 150 खिलाड़ियों ने शतरंज प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

**कौशाम्बी** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी के तत्वावधान में 17वी सीनियर ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन रानी गार्डन कोयलहा चायल में 14 जुलाई को किया गया मुख्य अतिथि विक्रम पटेल प्रयागराज फूलपुर सहसंयोजक के द्वारा सफेद मोहरों को चल कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है और विशिष्ट अतिथि संदीप गोस्वामी पिछड़ा मोर्चा महामंत्री के द्वारा शतरंज खेल का शुभारंभ किया गया पहले चक्र की समाप्ति पर परिणाम निम्न हैं पहले बोर्ड पर कानपुर के सी यम दीपक कतियार ने कानपुर देहात के रजत तिवारी को दूसरे बोर्ड पर नोएडा के अजय संतोष ने यस केसरवानी को तीसरे बोर्ड पर वाराणसी के आभास श्रीवास्तव ने वाराणसी के दिनेश पाण्डेय को चौथे



बोर्ड पर आगरा के संचय दुबे ने संदीप श्रीवास्तव को पांचवें बोर्ड पर वाराणसी के गोविंद कुमार ने नन्दन सिंगल को छठे बोर्ड पर यस मिश्रा ने कौशांबी के आभास त्रिपाठी को हराया सचिव राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 150 खिलाड़ियों ने 22 जिले वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, आगरा गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा, गाजियाबाद, नोएडा, अलीगढ़, जौनपुर मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, बरेली, झांसी आदि से प्रतिभाग किया यह प्रतियोगिता सात चक्र में की जा रही है जो की14 जुलाई से प्रारंभ होकर 17 जुलाई तक चलेगी उद्घाटन समारोह में राजू गर्ग सचिव राघवेन्द्र, ज्वाइंट सेक्रेटरी राकेश कुमार, चन्द्र प्रकाश,गौरव गर्ग, सुनील गुप्ता रवि चोपड़ा अश्विनी मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे

## प्राथमिक विद्यालय में किया गया पौधारोपण

**कौशाम्बी** मंझनपुर नगर पालिका परिषद के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ओसा में शुक्रवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत आम, नीबू, केला सहित कई फलदार पौधे लगाये गये। नगर पालिका मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज के प्रतिनिधि विजय तिवारी सभासद प्रतिनिधि आर्यवीर एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार द्वारा मिलकर विद्यालय में कई पेड़ लगाया गया कार्यक्रम में पहुँचे नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय तिवारी ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्षारोपण कार्यक्रम को आज के परिवेश में जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता भी है। इसके लिये सामान्य जन मानस को जागरूक करने हेतु जन जागृति अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितनी अधिक हरियाली विकसित होगी, उतना ही अधिक स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार होगा पर्यावरण में आ रही गिरावट को पौधारोपण से ही रोका जा सकता है।कार्यक्रम में मौजूद संत कबीर नगर ओसा के सभासद प्रतिनिधि आर्यवीर ने कहा कि पेड़ो से शीतल छाया और फल प्राप्त होते हैं और इसके बिना वर्षा सम्भव नही है। अगर हम वृक्षारोपण करेंगे तो हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा। हमे हमेशा इनका संरक्षण करना चाहिए। प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने प्राथमिक विद्यालय कि खराब छत को दिखाते हुए कहा यहां पर बच्चों को पढ़ाते समय पानी टपकता रहता है और मांग की इस बिल्डिंग को ध्वस्त करा कर नई बिल्डिंग बनाया जाए वहीं पानी की टंकी खराब होने से पानी पीने की समस्या उत्पन्न है जिसको लेकर अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा पानी की टंकी आपको तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा सभासद प्रतिनिधि ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। विद्यालय के स्टाफ अजय सिंह, अभिषेक दिवाकर, शोभा केशरवानी, सुनैना, गाँव के कोटेदार संजीव कुमार मौर्य आदि लोगो नें वृक्षारोपण में सहयोग किया।



## न्यूज झरोखा

### वन विभाग की पौधशाला का निरीक्षण कर सीडीओ ने दिए दिशा-निर्देश



**कौशाम्बी** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने आज वृक्षारोपण अभियान के तहत वन विभाग की पौधशाला अलीपुर जीता और गंगा पौधशाला का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारी को पौध उठान के लिए निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड मंझनपुर के ग्राम पंचायत-कोतारी पश्चिम एवं विकास खण्ड सिराथू की ग्राम पंचायत-राघवपुर में बृहद वृक्षारोपण के तहत गड्ढा खुदाई के कार्यो का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव एवं खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें

### तरसौरा में लगी चौपाल, गांव में हुए विकास का बताया हाल



**टेडीमोड कौशाम्बी** शासन के निर्देश पर लगने वाले शुक्रवार को ग्राम चौपाल में कड़ा ब्लाक के तरसौरा गांव में चौपाल का आयोजन किया गया । जिसमें ग्राम पंचायत सचिव विकास कुमार शर्मा ने गांव के हुए विकास कार्यों को उपस्थित कर्मचारियों एवं ग्रामीणों के समक्ष रखा। सचिव ने बताया की अभी तक 43 आवास, 14 विकलांग 12 विधवा, 104 लोगों को वृद्धा पेंशन दिया जा रहा है। गांव में कुल 43 हैंडपंप लगाए गए जो सभी सक्रिय रूप में काम कर रहे है। चौपाल में जे ई एम आई रमाकांत सिंह, जे ई टेक्नीशियन अशोक कुमार, सी डी पी ओ कड़ा ज्ञानमती, पंचायत सहायक पार्वती, पंचायत मित्र भोला नाथ एवं ग्राम प्रधान बलराम सिंह उपस्थित रहे

### कर्मकाण्ड परमार्थयुक्त जीवन का देता है संदेश - प्रेमनाथ शुक्ल



**कौशाम्बी** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित हो रही कई योजनाओं का 13 जुलाई को पूरे प्रदेश में एक साथ हुआ उद्घाटन जिसमें पौरोहित्य का त्रिमासिक प्रशिक्षण शिविर श्री दुर्गा देवी संस्कृत उ मा विद्यालय मंझनपुर में आरंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन कौशांबी के पूर्व अध्यक्ष प्रेमनाथ शुक्ल रहे विशिष्ट अतिथि में संरक्षक डॉ. रवींद्रनाथ शुक्ल ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षक रविनाथ शुक्ल के बारे में बताया कि ये 9वीं बार हमारे यहां प्रशिक्षण दे रहे हैं ये गौरव की बात है। अंत में प्रशिक्षक रविनाथ शुक्ल ने संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव संरक्षिका शकुंतला शाक्य आदि सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शिक्षकों के साथ कई विद्यार्थी आदि लोग उपस्थित रहें।

### धूमधाम से मनाया गया पूर्व निदेशक राजेंद्र प्रसाद मौर्य का जन्मदिन



**कौशाम्बी** पंडित दीनदयाल धाम फरह मथुरा के पूर्व निदेशक राजेंद्र प्रसाद मौर्य का 55 वां जन्मदिवस मेड़ई कल्याणी सेवा ट्रस्ट के कार्यालय पट्टी नरवर देवरा मूरतगंज में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद मौर्या को माल्यार्पण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कौशांबी महोत्सव में राजेंद्र प्रसाद मौर्या को कौशांबी रत्न से सम्मानित किया गया। जन्मदिन के अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद मौर्या का संपूर्ण जीवन काल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में पूरे भारत में प्रचारक के रूप में विभिन्न प्रदेशों में महत्वपूर्ण पदों पर दायित्वों का निर्वाहन करते हुए ब्यतीत हो रहा है

### श्री अन्न का उत्पादन कर जनपद के किसान बन सकतें हैं समृद्धशाली-सीडीओ




**कौशाम्बी** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने आज किसान कल्याण केन्द्र, मंझनपुर स्थित सभागार में श्री अन्न के मिनीकिट का निःशुल्क वितरण किया मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मोटे अनाज-कोदो, सॉवॉ, बाजरा एवं रागी आदि का उत्पादन प्रमुख रूप से कम उपजाऊ एवं गैर सिंचित क्षेत्रों में भी किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त इनमें मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त लाभदायक तत्व जैसे-कैल्शियम, प्रोटीन, खाद्य रेसे, काबोर्हाइड्रेट, खनिज तत्व आदि प्रचुर मात्रा में पाये जाने व हर आयु के व्यक्तियों के लिए सुपाच्य व संतुलित आहार होने के कारण सरकार ने इसे श्री अन्न की संज्ञा दिया है। प्राचीन भारत में श्री अन्न का ही मुख्य रूप से उत्पादन किया जाता था। श्री अन्न भारत का मूल आहार था। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि जनपद में मिलेट्स अथवा मोटे अनाज यथा-कोदो, सॉवॉ, रागी आदि की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए मिलेट्स के उत्पादन एवं उपभोग को प्रोत्साहन दिये जाने के लिए कृषि विभाग द्वारा जनपद एवं विकासखण्ड स्तर पर स्थित बीज गोदामों पर कृषकों को श्री अन्न के बीजों का निःशुल्क वितरण प्रारम्भ किया जा चुका है। दिनॉक-11 जुलाई को विकासखण्ड मूरतगंज एवं चायल तथा दिनॉक-12 जुलाई को कड़ा एवं सिराथू विकासखण्ड में श्री अन्न का वितरण किया गया। जनपद के विकासखण्ड सरसवॉ, कौशाम्बी, सिराथू एवं कड़ा के गंगा एवं यमुना नदियों के तराई क्षेत्रों में श्री अन्न/मोटे अनाज का उत्पादन के लिए जाना जाता है। उन्होंने कृषकों को अवगत कराया कि वर्तमान समय मोटे अनाज का है आज चिकित्सक मोटा अनाज भोजन में शामिल करने की संस्तुति करने लगे हैं। उन्होंने कृषकों को आय को बढ़ाने के लिए श्री अन्न की खेती करने व उत्पादन को बढ़ाने के लिए अनुरोध किया, जिससे जनपद के कृषकों की आय में बढ़ोत्तरी उन्हें समृद्ध बनाया जा सके।

# प्रत्येक घर तक संस्कृत पहुंचाने के लिए गृहे-गृहे संस्कृतम योजना संचालित - डॉ रवींद्रनाथ शुक्ल

**कौशाम्बी** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित गृहे-गृहे संस्कृतम् योजना के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जनपदों के तत्त केंद्रों का सामूहिक उद्घाटन गूगलमीट के माध्यम से हुआ। सत्र के अध्यक्ष एवं संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने सभी केंद्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह योजना एक अश्वमेध यज्ञ के समान है जिसमें हम सभी संस्कृतसैनिक अपने-अपने सहयोग की आहूतियां दे रहे हैं। गृहे-गृहे संस्कृत कार्ययोजना के माध्यम से प्रत्येक घर तक संस्कृत भाषा को पहुंचाने का पुनीत कार्य संस्कृत प्रशिक्षकों की सहायता से उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान कर रहा है। भाषाविभाग उ.प्र. सरकार और संस्कृत संस्थान साथ में मिलकर संस्कृत के प्रचार प्रसार हेतु नये शिक्षकों को प्रशिक्षित करके उनके सहयोग से संस्कृत भाषाशिक्षण कक्षाएं आयोजित कर रहा है। संस्थान के द्वारा एक संस्कृत हेल्प डेस्क पोर्टल भी बनाया जा रहा है। इसी प्रकार संस्थान द्वारा अन्य बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस कार्ययोजना में प्रशिक्षण प्रमुख सुधिष्ट मिश्र के मार्गदर्शन में सभी ऑनलाइन कक्षाओं के प्रशिक्षकों का भी पूर्ण सहयोग रहेगा। श्री दुर्गा देवी उ. मा. विद्यालय मंझनपुर कौशांबी केंद्र में दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कथा वाचक वाचस्पति मिश्र ने किया और केंद्र प्रमुख प्रदीप कुमार मिश्र ने कहा कि संस्कृत के प्रचार प्रसार पर बल दिया व संरक्षक राष्ट्रपति पुरुस्कृत डॉ. रवींद्र नाथ शुक्ल ने कहा कि संस्कृत ही सारे विश्व की समस्याओं का निदान कर सकती है। योजना सर्वेक्षिका डॉ. चन्द्रकला शाक्या ने सभी शिक्षकों तथा केन्द्र प्रमुखों के उत्साह को बढ़ाते हुए आभार व्यक्त किया कि आप सभी के सहयोग से यह अखिल प्रदेश व्यापी योजना संचालित होने जा रही योजना से सम्पृक्त प्रत्येक जन महत्त्वपूर्ण हैं सभी को शुभकामनाएं एवं धन्यवाद । इसी क्रम में संस्थान के पदाधिकारी प्रशासनिकाधिकारी डॉ दिनेश मिश्र,डॉ.जगदानंद झा, भगवान सिंह, इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त किये। शिक्षक ज्ञानेश्वर प्रसाद




त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत का पुनः युग आ रहा है उससे प्रतीत होता है कि भारतीय संस्कृति का अद्भुत मिलन भविष्य होना निश्चित है। भारत पुनः जगत गुरु बनेगा और विश्व का मार्गदर्शन देवभाषा संस्कृत और भारतीय संस्कृति इसका आधार होगी ऑनलाइन कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक दीपक पाण्डेय ने किया, संस्थान गीतिका प्रशिक्षिका पूजा वाजपेयी के द्वारा संस्थान गीतिका गायी योजना समन्वयक अनिल गौतम ने प्रस्तावना वाचन करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। मुख्य समन्वयक धीरज मैठाणी ने समग्र योजना का इतिवृत्त प्रस्तुत किया । प्रशिक्षण प्रमुख सुधीष्ठ मिश्र के मार्गदर्शन से जुलाई मास में 67 केंद्रों का शुभारंभ हो रहा है जिनमें 2000 शिक्षार्थियों को पढाया जायेगा । आगे जनपद संयोजकों के माध्यम से इस कार्य को और गति प्रदान की जायेगी तकनीकी नियंत्रण समन्वयिका राधाशर्मा ने किया। समन्वयन गण में दिव्यरञ्जन, राधाशर्मा, गणेशदत्त द्विवेदी, स्तुति गोस्वामी एवं सहयोगी सविता मौर्य, महेंद्र मिश्र, पूजा वाजपेयी, अजय कुमार हैं। प्रशिक्षिका निधि मिश्रा ने शान्ति मन्त्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में समस्त ऑनलाइन कक्षाओं के प्रशिक्षक , कर्मचारियों सहित केंद्रों प्रमुख , शिक्षार्थी एवं केंद्र संचालक शिक्षक उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ उठायें

**कौशाम्बी** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर रू0 15 हजार तथा केवल युवती के दिव्यांग होने पर रू0 20 हजार एवं दोनों के दिव्यांग होने पर रू0 35 हजार की धनराशि निर्धारित है। उन्होंने बताया कि शादी के समय युवक की उम्र 21 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की उम्र 18 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। दम्पत्ति आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, विकास भवन, मंझनपुर में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

# आमने सामने भिड़े बाइक सवार, हुए जख्मी, भेजे गए जिला अस्पताल



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धूमाई ग्राम सभा के मजरे बड़ी बाग के सामने सड़क पर दो बाइक सवार आपस में भिड़ गए जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए जानकारी के अनुसार सागर सोनकर निवासी चक नारा थाना मंझनपुर अपने ननिहाल बड़ीबाग धुमाई आया था वापस लौटते समय बड़ी बाग के सामने सड़क पर मुकेश मौर्य पुत्र शंकर निवासी अझुवा जो अपने साले पंचम पुत्र रामबाबू निवासी बिछियांवा के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था बड़ी बाग के सामने सड़क पर दोनो बाइक सवार आमने सामने भिड़ गए जिसमे सागर सोनकर की आंख में जबरदस्त चोट आई प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार उसकी आंख फूट गई है दूसरे मोटरसाइकिल सवार भी गंभीर घायल हुए हैं।मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई मौजूद रहे लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल भेज दिया है अझुवा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के कछुआ मोड़ के सामने साइकिल सवार को अज्ञात डीसीएम ने टक्कर मार दी है जिससे साइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली के कछुआ निवासी रमेश पटेल शुक्रवार को किसी काम से हाइवे की तरफ साइकिल से गया था कानपुर से प्रयागराज जाने वाले मार्ग पर कछुआ मोड़ के सामने अज्ञात डीसीएम ने साइकिल सवार रमेश पटेल को टक्कर मार दिया जिससे रमेश की तड़प तड़प कर मौके पर दर्दनाक मौत हो गई हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गए सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है मृतक के 3 छोटे छोटे बच्चे हैं जानकारी मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया है

संपादकीय

# भारत में सड़कों पर पर बढती दुर्घटनाए लज्जाजनक

केंद्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में एक कार्यक्रम में इस बात की जानकारी दी कि देश में हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवां देते हैं। गडकरी ने कहाए ष्सलाहकारों द्वारा तैयार की गई एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में सामने आया है कि देश में हर साल 1ण्50 लाख से ज्यादा लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवां देते हैं।ष्
केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दावा कियाए ष्देश में हर साल पांच लाख से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैंए जिसमें 1ण्50 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है। यह मौतों का आंकड़ा केवल सलाहकारों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में लोगों द्वारा की गई गलतियों के कारण है।ष् उन्होंने दावा किया कि ज्यादातर डीपीआर बहुत रूढ़िवादी हैं।
केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़कों पर ब्लाइंड स्पॉट ;सड़क पर जानलेवा जगहद्ध में सुधार पर जोर देते हुए डीपीआर तैयार करने में गुणात्मक बदलाव लाने की जरूरत है। गडकरी ने कहाए ष्मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों है ;डीपीआर दोषपूर्ण हैद्ध और इसके पीछे क्या कारण हैं।ष्
वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत में दुनिया के केवल एक फीसदी वाहन हैंए इसके बावजूद पूरे विश्व में होने वाले हादसों का 11 फीसदी देश में ही घटित होते हैं। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट में हादसे कम करने के लिए सड़क सुरक्षा संबंधी उपाय बढ़ाने के लिए भी कहा गया है।
अगर आपको भारत में हुए हाल के सड़क हादसों से अवगत कराएं तो पिछले ही हफ्ते ऐसे हादसों की कड़ी में एक और दिल दहला देने वाली घटना घटी जो कि गाजियाबाद मेरठ एक्सप्रेस.वे की है। इस हादसे में एक तेज रफ्तार बस और एसयूवी की भयंकर टक्कर हुई जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई तो वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटनास्थल से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि बस रॉन्ग साइड से आ रही थी जिसकी वजह से ये हादसा हुआ। एसयूवी दिल्लीद्रमेरठ एक्सप्रेस वे पर गाजियाबाद के विजय नगर चौक को पार कर रही थीए तभी एक्सप्रेस वे पर रॉन्ग साइड से आती स्कूल बस से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।
इसके अलावा हैदराबाद में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आईए जहां सुबह टहलने निकलीं तीन महिलाओं को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इस दौरान एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। मुख्य सड़क पर हुई यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस फुटेज को जिसने भी देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए।
हैदराबाद के अलावा महाराष्ट्र के बुलढाणा में भी कुछ दिन पहले एक भयंकर हादसा हुआ। बारिश के कारण एक बस के फिसल जाने से बस का डीजल टैंक फट गया और उसमें आग लग गई। बस में आग लगने से 26 लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। ये बस एक शादी के लिए जा रही थी। इस हादसे में 26 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 8 लोग बुरी तरह से घायल हुए। बताया जा रहा है कि उस इलाके में हुआ यह अब तक का सबसे बड़ा हादसा है।
ये हादसे सिर्फ भारत ही नहीं विश्व के लिए भी चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। इसीलिए वर्ष 2020 में कई देशों ने साथ मिलकर सड़क हादसों में मृत्यु दर को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। हाल ही में फिर से स्टॉकहोम में आयोजित विजन जीरो पर ग्लोबल मीट और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के नेटवर्क की ग्लोबल मीटिंग हुईए जिसमें साल 2020 के निर्धारित लक्ष्य का जमीनी स्तर पर आंकलन किया गया।
दुनिया भर में हर साल 13ण्5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मरते हैं। यह एक बहुत बड़ी संख्या है। दुनियाभर में हर दिन लगभग 3ए000 लोग सड़कों पर दम तोड़ते हैं। इन आंकड़ों को देखते हुए वैश्विक नेताओं और प्रतिनिधियों ने इस मीटिंग में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को भी ग्लोबल वार्मिंग या महामारी के समान माना जाना चाहिए। सभी देशों की लगातार कोशिशों के बावजूद दुर्घटनाओं की संख्या में उतनी कमी नहीं आई हैए जितनी की उम्मीद की जा रही थी।
साल 2010 मेंए इस संकट ने विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया जब संयुक्त राष्ट्र ने घोषणा की कि 2020 तक मौतों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाने के लिए दुनिया भर में प्रयास किए जाने चाहिए। लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।साल 2020 मेंए विश्व के नेताओं और प्रतिनिधियों ने एक और लक्ष्य निर्धारित किया और 2030 तक सड़क हादसे में मौतों की संख्या को 50 प्रतिशत तक कम करने का निश्चय किया। इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में भारत भी शामिल था। चीजें बड़े पैमाने पर शुरू हुईंए लेकिन मौतों की संख्या अभी भी कम नहीं हो पायी है। इसका कारण खराब बुनियादी ढांचा या खराब वाहन हो सकते हैंए लेकिन ज्यादातर बार इसका कारण खराब मानवीय व्यवहार माना गया है।
भारतए श्रीलंकाए मैक्सिको और बांग्लादेश जैसे देशों को वैश्विक संख्या को कम करने में बड़ी भूमिका निभानी होगी क्योंकि इन देशों में सड़क पर होने वाली मौतों की संख्या अधिक है।
वहींए स्वीडन का लक्ष्य सड़क पर होने वाली मौतों की संख्या को शून्य पर लाना है। पिछले साल करीब 250 मौतें ही स्वीडन में हुईंए लेकिन देश इस आकड़ें से भी दुखी है और वह आने वाले सालों में इन आंकड़ों को भी वो खत्म करना चाहता है। यही कारण है कि विजन जीरो का सपना स्वीडन ने देखा। इस विजन से देश ने दूसरे देशों के लिए मिसाल कायम की है।
दुर्भाग्य सेए भारत में सड़क पर होने वाली मौतों की संख्या बहुत अधिक है। दुनिया भर में सड़क पर होने वाली हर 100 मौतों में से 11 लोग भारतीय सड़कों पर मारे जाते हैं। यह बहुत बड़ी समस्या है। इनमें से लगभग 60 प्रतिशत युवा हैं। हम सड़क दुर्घटनाओं में होनहार युवा जिंदगियां खो रहे हैं। यह बहुत बड़ी क्षति है।
साल 2017 और 2018 में सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौतों की संख्या में गिरावट आई। साल 2020 में भी कोविड महामारी के कारण संख्या में गिरावट आई थी। लेकिन 2021 में यह संख्या फिर से बढ़कर 1।53 लाख हो गई। वहींए 4।5 लाख लोग घायल हुए थे। दुर्भाग्य सेए सड़क दुर्घटनाओं में घायलों पर कोई ध्यान नहीं है। भारत जैसे देश को गंभीर चोटों पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

# विवाह की बढ़ती उम्र पर समाज की खामोशी क्यों?

**संतोष कुमार तिवारी**



एक चीज मुझे समझ नही आ रही है कि विवाह की बढ़ती उम्र पर समाज की खामोशी क्यों हैघ् आज 30.35 साल की युवक युवतियां बैठे है कुंवारेए फिर भी मौन है समाज के कर्ता.धर्ता। आखिर इस पर कोई ठोस पहल या विचार क्यो नही किया जा रहे हैघ् कुंवारे बैठे लड़के लड़कियों की एक गंभीर समस्या आज कमोबेश सभी समाजों में उभर के सामने आ रही है। इसमें लिंगानुपात तो एक कारण है ही मगर समस्या अब इससे भी कहीं आगे बढ़ गई है क्योंकि 30 से 35 साल तक की लड़कियां भी कुंवारी बैठी हुई है। इससे स्पष्ट है कि इस समस्या का लिंगानुपात ही एकमात्र कारण नहीं बचा है। ऐसे में लड़के लड़कियों के जवां होते सपनों पर न तो किसी समाज के कर्ता.धताओं की नजर है और न ही किसी रिश्तेदार और सगे संबंधियों की। हमारी सोच कि हमें क्या मतलब है में उलझ कर रह गई है। बेशक यह सच किसी को कड़वा लग सकता है लेकिन हर समाज की हकीकत यही है।
शादी के लिए लड़की की उम्र 18 साल व लड़के की उम्र 21 साल होनी चाहिएए ये तो अब बस आंकड़ों में ही रह गया है। एक समय था जब संयुक्त परिवार के चलते सभी परिजन अपने ही किसी रिश्तेदार व परिचितों से शादी संबंध बालिग होते ही करा देते थे मगर बढ़ते एकल परिवारों ने इस परेशानी को और गंभीर बना दिया है। अब तो स्थिति ऐसी हो गई है कि एकल परिवार प्रथा ने आपसी प्रेम व्यवहार ही खत्म सा कर दिया है। अब तो शादी के लिए जांच पड़ताल में और कोई तो नेगेटिव करें या न करेंए अपने ही खास सगे संबंधी नेगेटिव कर बनते संबंध खराब कर देते है। यूं तो शिक्षा शुरू से ही मूल आवश्यकता रही है लेकिन पिछले डेढ़ दो दशक से इसका स्थान उच्च शिक्षा या कहे कि खाने कमाने वाली डिग्री ने ले लिया है। इसकी पूर्ति के लिए अमूमन लड़के की उम्र 23.24 या अधिक हो जाती है। इसके दो.तीन साल तक जॉब करते रहने या बिजनेस करते रहने पर उसके संबंध की बात आती है। जाहिर से इतना होते.होते लड़के की उम्र तकरीबन 30 के इर्द .गिर्द हो जाती है। इतने तक रिश्ता हो गया तो ठीकए नहीं तो लोगों की नजर तक बदल जाती है यानी 50 सवाल खड़े हो जाते है।
प्रकृति के हिसाब से 30 प्लस का पड़ाव चिंता देने वाला हैए न केवल लड़के.लड़की को बल्कि उसके माता.पिताए भाई.बहनए घर.परिवार और सगे संबंधियों को भी। सभी तरफ से प्रयास भी किएए बात भी जंच गई लेकिन हर संभव कोशिश के बाद भी रिश्ता न बैठने पर उनकी चिंता और बढ़ जाती है। इतना ही नहींए शंका.समाधान के लिए मंदिरों तक गएए पूजा.पाठ भी कराएए नामी विशेषज्ञों ने जो बताए वे तमाम उपाय भी कर लिए पर बात नहीं बनी। मेट्रीमोनी वेबसाइट्स व वाट्सअप पर चलते बायोडेटा की गणित इसमें कारगार होते नहीं दिखाई देते। बिना किसी मीडिएटर के संबंध होना मुश्किल ही होता है। मगर कोई मीडिएटर बनना चाहता ही नहीं है मगर इन्हें कौन समझाए कि जब हम किसी के मीडिएटर नहीं बनेंगे तो हमारा भी कोई नहीं बनेगा। एक समस्या ये भी हम पैदा करते जा रहे है कि हम सामाजिक न होकर एकांतवादी बनते जा रहे है।
अपने मन को समझाते.बुझाते युवा आखिर कब तक भाग्य भरोसे रहेगा। अपनों से तिरस्कृत और मन से परेशान युवा सब कुछ होते हुए भी अपने को ठगा सा महसूस करता है। हद तो तब हो जाती है जब किसी समारोह में सब मिलते हैं और एक दूसरे से घुल मिलकर बात करते हैं लेकिन उस वक्त उस युवा पर क्या बीतती हैए यह वही जानता है। ऐसे में कई बार नहीं चाहते हुए भी वह उधर कदम बढ़ाने को मजबूर हो जाता है जहां शायद कोई सभ्य पुरूष जाने की भी नहीं सोचता या फिर ऐसी संगत में बैठता है जो बदनाम ही करती हो। हर लड़की और उसके पिता की ख्वाहिश से आप और हम अच्छी तरह परिचित हैं। पुत्री के बनने वाले जीवनसाथी का खुद का घर होए कार होए परिवार की जिम्मेदारी न होए घूमने.फिरने और आज से युग के हिसाब से शौक रखता हो और कमाई इतनी तगड़ी हो कि सारे सपने पूरे हो जाएंए तो ही बात बन सकती है। हालांकि सभी की अरमान ऐसे नहीं होते लेकिन चाहत सबकी यही है। शायद हर लड़की वाला यह नहीं सोचता कि उसका भी लड़का है तो क्या मेरा पुत्र किसी ओर के लिए यह सब पूरा करने में सक्षम है। यानि एक गरीब बाप भी अपनी बेटी की शादी एक अमीर लड़के से करना चाहता है और अमीर लड़की का बाप तो अमीर से करेगा ही। ऐसे में सामान्य परिवार के लड़के का क्या होगाघ् यह एक चिंतनीय विषय सभी के सामने आ खड़ा हुआ है। संबंध करते वक्त एक दूसरे का व्यक्तिव व परिवार देखना चाहिए ना कि पैसा। कई ऐसे रिश्ते भी हमारे सामने है कि जब शादी की तो लड़का आर्थिक रूप से सामान्य ही था मगर शादी बाद वह आर्थिक रूप से बहुत मजबूत हो गया। ऐसे भी मामले सामने आते है कि शादी के वक्त लड़का बहुत अमीर था और अब स्थिति सामान्य रह गई। इसलिए लक्ष्मी तो आती जाती हैण् ये तो नसीबों का खेल मात्र है। समाजसेवा करने वाले लोग आज अपना नाम कमाने के लिए लाखों रुपए खर्च करने से नहीं चूकते लेकिन बिडम्बना है कि हर समाज में बढ़ रही युवाओं की विवाह की उम्र पर कोई चर्चा करने की व इस पर कार्य योजना बनाने की फुर्सत किसी को नहीं है। कहने को हर समाज की अनेक संस्थाएं हैं वे भी इस गहन बिन्दु पर चिंतित नजर नहीं आती।
हो सकता है इस मुद्दे पर समाज में पहले कभी चर्चा हुई हो लेकिन उसका ठोस समाधान अभी नजर नहीं आता। तो क्यों नहीं बीड़ा उठाएं कि एक मंच पर आकर ऐसे लड़कों व लड़कियों को लाएं जो बढ़ती उम्र में हैं और समझाइश से उनका रिश्ता कहीं करवाने की पहल करें। यह प्रयास छोटे स्तर से ही शुरू हो। रोशन ह्यभारत का हर समाज के नेतृत्वकताओं से अनुरोध है कि वे इस गंभीर समस्या पर चर्चा करें और एक ऐसा रास्ता तैयार करें जो युवाओं को भटकाव के रास्ते से रोककर विकास के मार्ग पर ले जा सकें। स्वार्थ न समझकर परोपकार समझ कर सहयोग करें। क्योकि यदि हम समाज में रह रहे तो समाज के लिए हमारी भी कुछ जिम्मेदारी बनती है कि हम भी समाज के बेहतरी के लिए कुछ कार्य करें।

# फ्रांस-भारत की दोस्ती से दुनिया की बेहतरी

**- ललित गर्ग-**


© Raphael Lafargue/abaca/picture alliance

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राएं नये भारत-सशक्त भारत की इबारत लिखने के अमिट आलेख हैं। उनके नेतृत्व में उभरता नया भारत विकसित एवं विकासशील देशों के बीच सेतु बन रहा है। हाल ही में अमेरीका एवं मिस्त्र की ऐतिहासिक एवं सफल यात्राओं के बाद मोदी फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस वर्ष भारत और फ्रांस के बीच राजनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और मोदी का यह फ्रांस दौरा काफी अहम है। पिछले 25 वर्षों में दोनों देशों के बीच कई द्विपक्षीय समझौते हुए हैं लेकिन इस बार होने वाले समझौतों से दोस्ती का नया दौर शुरू होगा। भारत की विदेशों में बढ़ती साख को इस यात्रा से एक नई ऊंचाई मिलेगी। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। मोदी बैस्टिल दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, फ्रांस की प्रथम महिला ब्रिजेट मैक्रों और अन्य अतिथिगण भी थे। इस परेड के लिए भारतीय नौसेना के जवान भी पहुंचे हैं। फ्रांस की इस यात्रा के दौरान होने वाले विभिन्न समझौते भारत की रक्षा, प्रौद्योगिकी, तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में फ्रांस के साथ द्विपक्षीय सहयोग से नई उम्मीदें जागेगी। इस यात्रा के दौरान किये गये प्रधानमंत्री के प्रयास मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे।
फ्रांस एक ऐसा देश है जो हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा है। भारतीय सेना को मजबूत करने की बात हो या फिर परमाणु परीक्षण का दौर, वह भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा दिखाई देता रहा है। वर्ष 1998 में जब भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण से पूरी दुनिया को चौंका दिया था और उस समय डरी एवं सहमी शक्तियों ने भारत पर प्रतिबंध लगा दिए थे तब फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति जैक शिराक ने भारत का साथ दिया और कहा था कि हमें एशिया की उभरती हुई महाशक्ति को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। आज भी एक मित्र की भांति फ्रांस भारत के साथ खड़ा है। फ्रांस के द्वारा भारत को इतना सम्मान एवं महत्व देने के पीछे कई कारण हैं। इनमें भारत की बड़ी होती अर्थव्यवस्था और बड़ा बाजार प्रमुख है। भारत की शांति एवं सद्भाव की नीति है। दुनिया की महाशक्तियों से संतुलन बनाने में भारत उसका मुख्य आधार है। भले ही भारत फ्रांस से सैन्य सामग्री खरीदने वाला प्रमुख देश है। इनदिनों रूस और चीन काफी नजदीक आये हैं। रूस के नए विकल्प के तौर पर फ्रांस से बेहतर कोई और देश नहीं हो सकता है जो रक्षा सहयोग तो करता ही है साथ ही तकनीक में भी सहयोग कर रहा है। भारत के लिये रूस की जो जगह है, वह स्थान फ्रांस को देने के लिये भारत को सोचना चाहिए, भारत ऐसा ही सोचेगा यह फ्रांस को अहसास है। यह अहसास भी दोनों देशों की मित्रता को प्रगाढ़ करने का बड़ा आधार है। यही कारण है कि फ्रांस और भारत के संबंधों को कई पहलुओं और कई नजरियों से आंका जा रहा है, उसका विश्लेषण किया जा रहा है। इतिहास में देखें तो दोनों देशों का आपस में जो तालमेल है, वो दो सभ्यताओं का हो सकता है, दो विचारधाराओं एवं संस्कृतियों का हो सकता है।
भारत भी ऐसे देश से दोस्ती बढ़ाना चाहेगा, जो उसके विकास एवं मजबूती का आधार हो। फ्रांस भारत की शांति का पक्षधर रहा है, इसलिये विश्वस्तर पर भारत में पडोसी देश द्वारा पल्लवित आतंकवादी घटनाओं का विरोध करता रहा है। अब तो यह भी लगने लगा है कि फ्रांस ने पश्चिमी दुनिया में भारत के विश्वस्त दोस्त और सहयोगी साझेदार के रूप में रूस की जगह ले ली है। भारत ने फ्रांस का तब से विशेष सम्मान करना शुरू कर दिया है, जब फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र में चीन द्वारा कश्मीर पर बुलाई गई बैठक में भारत के रूख का समर्थन किया था। फ्रांसीसियों ने पहले भी वैश्विक आतंकवादी मसूद अजहर पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन किया था। पुलवामा हमले के बाद भारत ने कूटनीति के मोर्चे पर पाकिस्तान एवं चीन को पूरी तरह से अलग-थलग कर दिया था। इसी के कारण पुलवामा हमले की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर पर प्रतिबंध लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने प्रस्ताव पेश किया था।
फ्रांस न केवल भारत में आतंकवाद को समाप्त करने में सहयोगी बन रहा है, बल्कि भारत को एक शक्तिसम्पन्न देश बनाने में भी हरसंभव सहयोग कर रहा है। फ्रांस से हमारी सैन्य शक्ति मजबूत हुई है, वहां से हमें लड़ाकू विमान से लेकर पनडुब्बी तक मिल रही है। मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देश महत्वपूर्ण रक्षा और व्यापारिक समझौते पर मुहर लगायेंगे। भारतीय नौ सेना के लिए फ्रांस के साथ 26 राफेल एम मरीन लड़ाकू विमानों का सौदा होने की उम्मीद है। दुनिया की एक बड़ी ताकत बनते भारत को फ्रांस की मित्रता से अनेक लाभ हैं। भले ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में पिछले कुछ सालों में भारत ने दूरगामी प्रभाव वाले कदम उठाए हैं, जिसकी बदौलत हमारे रक्षा आयात में कुछ कमी जरूर आई है। इसके बावजूद भी ये सच्चाई है कि रक्षा जरूरतों को पूरा करने में बाहरी मुल्कों और विशेषतः फ्रांस पर निर्भरता को पूरी तरह से खत्म करने में भारत को अभी लंबा सफर तय करना पड़ेगा। यह बात फ्रांस भलीभांति जानता है। इसीलिये भारत के इस रक्षा बाजार पर अमेरिका के साथ ही फ्रांस की भी नजर है।
प्रधानमंत्री मोदी की यह फ्रांस यात्रा दुनिया की गैर-जिम्मेदार बढ़ी शक्तियों की दादागिरी को समाप्त करने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगी। भारत दुनिया में ऐसे राष्ट्रों को संगठित करना चाहता है जो युद्ध विरोधी हो। इसी उद्देश्य से भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 8 जून को ओमान की खाड़ी में अपना पहला त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसमें आईएनएस तरकश, फ्रांसीसी जहाज सुरकौफ, फ्रेंच राफेल विमान और यूएई नौसेना समुद्री गश्ती विमान की भागीदारी थी। इस अभ्यास में सतही युद्ध जैसे नौसेना संचालन का एक व्यापक स्पेक्ट्रम देखा गया था, जिसमें सतह के लक्ष्यों पर मिसाइल से सामरिक गोलीबारी और अभ्यास, हेलीकोप्टर क्रॉस डेक लैंडिंग संचालन, उन्नत वायु रक्षा अभ्यास और बोर्डिंग संचालन शामिल थे। युद्ध चाहने वाले देशों के लिये अपनी सोच बदलने को विवश करना ऐसे संगठनों एवं सांझें प्रयत्नों से ही संभव होगा। मोदी की यात्रा से ठीक पहले इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य तीनों नौसेनाओं के बीच त्रिपक्षीय सहयोग को बढ़ाना और समुद्री वातावरण में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों को दूर करने के उपायों को अपनाने का मार्ग प्रशस्त करना था।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फ्रांस दौरे पर दुनिया की नजरें लगी हुई हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रभावशाली सदस्य है और उसने अमेरिका की तरह भारत से कभी भी विशुद्ध सौदेबाजी नहीं की। चीन की बढ़ती आक्रामकता एवं विस्तारवादी सोच को रोकने के लिए अमेरीका एवं फ्रांस दोनों देश भारत के बहुत करीब आए है। दोनों देशों के भारत प्रशांत क्षेत्र में साझा हित और सौर ऊर्जा तकनीक के प्रसार की संभावनाएं है। युद्ध, हिंसा, साम्प्रदायिक उन्माद एवं आतंकवाद को पोषित करने वाले चीन एवं पाकिस्तान को सबक सिखाना दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत हो गयी। ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया है क्योंकि पाकिस्तान जहां आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने से बाज नहीं आ रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते एशिया ही नहीं, पूरे विश्व के लिए खतरा बन गया है। मानकर चलिए कि मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के बीच होने वाली वाताओं से व्यापार और अर्थशास्त्र से लेकर ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी, रक्षा और सुरक्षा सहयोग और भारत-प्रशांत में सहयोग जैसे मुद्दों पर ऐसा सकारात्मक वातावरण बनेगा, जिससे समूची दुनिया शांति, सहयोग, सह-जीवन एवं आतंकवाद मुक्ति का अहसास कर सकेगी। विशेषतः आतंकवाद मुक्त विश्व की संरचना दोनों देशों की प्राथमिकता है। प्रेषकः

# 'सोमवार' शिवजी का दिन क्यों?

**शिवानंद मिश्रा**

भगवाना शंकर सोमवार को सबसे ज्यादा पूजे जाते हैं।
वास्तव में यह सारे दिन भगवाना शंकर से ही प्रकट माने जाते हैं।
शिव.महापुराण के अनुसार प्राणियों की आयु का निर्धारण करने के लिए भगवान शंकर ने काल की कल्पना की। उसी से ही ब्रह्मा से लेकर अत्यन्त छोटे जीवों तक की आयुष्य का अनुमान लगाया जाता है।
उस काल को ही व्यवस्थित करने के लिए महाकाल ने सप्तवारों की कल्पना की।
सबसे पहले ज्योतिस्वरूप सूर्य के रूप में प्रकट होकर आरोग्य के लिए प्रथमवार की कल्पना की
संसारवैद्य : सर्वज्ञ : सर्वभेषजभेषजम् द्य
आय्वारोग्यदं वारं स्ववारं कृतवान्प्रभु : द्यद्य

अपनी सर्वसौभाग्यदात्री शक्ति के लिए द्वितीयवार की कल्पना की उसके बाद अपने ज्येष्ठ पुत्र कुमार के लिए अत्यन्त सुन्दर तृतीयवार की कल्पना की।
तदनन्तर सर्वलोकों की रक्षा का भार वहन करने वाले परम मित्र मुरारी के लिए चतुर्थवार की कल्पना की।
देवगुरु के नाम से पञ्चमवार की कल्पना कर उसका स्वामी यम को बना दिया।
असुरगुरु के नाम से छठे वार की कल्पना करके उसका स्वामी ब्रह्मा को बना दिया एवं सप्तमवार की कल्पना कर उसका स्वामी इंद्र को बना दिया।
नक्षत्र चक्र में सात मूल ग्रह ही दृष्टिगोचर होते हैं इसलिए भगवान ने सूर्य से लेकर शनि तक के लिए सातवारों की कल्पना की।
राहु और केतु छाया ग्रह होने के कारण दृष्टिगत न होने से उनके वार की कल्पना नहीं की गई।
ऐसे तो भगवान शंकर की उपासना हर वार को अलग फल प्रदान करती है।
आरोग्यंसंपद चैव व्याधीनांशांतिरेव च द्य
पुष्टिरायुस्तथाभोगोमृतेर्हानिर्यथाक्रमम् द्यद्य
स्वास्थ्य संपत्ति रोग.नाश पुष्टि आयु भोग तथा मृत्यु की हानि के लिए रविवार से लेकर शनिवार तक भगवान शंकर की आराधना करनी चाहिए।
सभी वारों में जब शिव फलप्रद हैं तो फिर सोमवार का आग्रह क्यों द्य
ऐसा लगता है कि मनुष्य मात्र को सम्पत्ति से अत्यधिक प्रेम होता है इसलिए उसने शिव के लिए सोमवार का चयन किया।
सोम का अर्थ चंद्रमा होता है और चंद्रमा भगवान शंकर के शीश पर मुकुटायमान होकर अत्यन्त सुशोभित होता है।
लगता है कि भगवान शंकर ने जैसे कुटिल कलंकी कामी वक्री एवं क्षीण चंद्रमा को उसके अपराधी होते हुए भी क्षमा कर अपने शीश पर स्थान दिया वैसे ही भगवान हमें भी सिर पर नहीं तो चरणों में जगह अवश्य देंगे।
यह याद दिलाने के लिए सोमवार को ही लोगों ने शिव का वार बना दिया।
सोम का अर्थ सौम्य होता है।
भगवान शंकर अत्यन्त शांत समाधिस्थ देवता हैं।
इस सौम्य भाव को देखकर ही भक्तों ने इन्हें सोमवार का देवता मान लिया।
सहजता और सरलता के कारण ही इन्हें भोलेनाथ कहा जाता है।
अथवा सोम का अर्थ होता है उमा के सहित शिव।
केवल कल्याणकारी शिव की उपासना न करके साधक भगवती शक्ति की भी साथ में उपासना करना चाहता है।
क्योंकि बिना शक्ति के शिव के रहस्य को समझना अत्यन्त कठिन है। इसलिए भक्तों ने सोमवार को शिव का वार स्वीकृत किया।
अथवा सोम में ष्ॐष् समाया हुआ है। भगवान शंकर ष्ॐकारष् स्वरूप हैं।
ष्ॐकारष् की उपासना के द्वारा ही साधक अद्वय स्थिति में पहुँच सकता है।
इसलिए इस अर्थ के विचार के लिए भगवान सदाशिव को सोमवार का देव कहा जाता है।
अथवा वेदों ने सोम का जहाँ अर्थ किया है वहाँ सोमवल्ली का ग्रहण किया जाता है।
जैसे सोमवल्ली में सोमरस आरोग्य और आयुष्यवर्धक है।
वैसे ही शिव हमारे लिए कल्याणकारी हों।
इसलिए सोमवार को महादेव की उपासना की जाती है।
अथवा सोम का अर्थ चंद्रमा है और चंद्रमा मन का प्रतीक है।

# एक और अनोखी उड़ान, क्या होगा भारत का चाँद?

**-प्रियंका सौरभ**

भारत की अंतरिक्ष एजेंसी जल्द ही एक रॉकेट लॉन्च करने के लिए तैयार है जो चंद्रमा पर एक रोवर को उतारने का प्रयास करेगा और अंतरिक्ष अन्वेषण में एक शक्ति और अंतरिक्ष वाणिज्य की नई सीमा के रूप में देश के आगमन को चिह्नित करेगा। 75 मिलियन डॉलर से कम के बजट पर निर्मित, चंद्रयान -3, जिसका संस्कृत में अर्थ है "चंद्रमा वाहन", लॉन्च होने के लिए तैयार है। अपनी पीठ पर चंद्रयान-3 लेकर जब इसरो का 'बाहुबली' रॉकेट अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों की पोटली भी साथ ले जाएगा। चांद को चूमने पर ये उम्मीदें हर भारतीय के दिल में खुशी बनकर फूटेंगी। पूरा देश दुआएं कर रहा है। पिछली बार जो कसक रह गई थी, इस बार सब मंगल ही होगा। जी हां, आसमान की तरह मुंह करके बुलंद इरादों के साथ खड़ा भारत का चंद्रयान मिशन पर रवाना होने को तैयार है। पूरे देश को बेसब्री से चंद्रयान की श्रीहरिकोटा से लॉन्चिंग का इंतजार है।
यदि मिशन सफल होता है, तो भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन वाले देशों के एक छोटे समूह में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। इस साल की शुरूआत में एक जापानी स्टार्ट-अप का प्रयास ऊंचाई की गलत गणना के कारण लैंडर के दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ समाप्त हुआ, जिसका मतलब था कि अंतरिक्ष यान का ईंधन खत्म हो गया था। स्पेसआईएल और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) द्वारा निर्मित एक इजराइली अंतरिक्ष यान भी इस साल की शुरूआत में चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। 2020 में चंद्रयान-2 मिशन में एक ऑर्बिटर को सफलतापूर्वक तैनात करने के बाद भारत का अंतरिक्ष उद्योग इस मिशन से मुक्ति की तलाश में होगा, लेकिन इसके लैंडर और रोवर एक दुर्घटना में नष्ट हो गए थे। चंद्रयान-2 मिशन को स्थायी रूप से छाया वाले चंद्रमा के क्रेटर का अध्ययन करने के लिए डिजाइन किया गया था। ऐसा माना जाता है कि इसमें पानी का भंडार है जिसकी पुष्टि 2008 के पहले चंद्रयान-1 मिशन से हुई थी - जिसने चंद्रमा की कक्षा तो ली लेकिन उतरा नहीं।
यदि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो 43.5-मीटर (143-फुट) लॉन्च वाहन मार्क-ककक, रॉकेट अंतरिक्ष यान को 23 अगस्त के आसपास निर्धारित लैंडिंग के लिए चंद्रमा की ओर जाने से पहले एक अण्डाकार पृथ्वी की कक्षा में विस्फोट कर देगा, जहां के पास चंद्रयान-2 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लॉन्च वाहन मार्क-3 एक तीन चरणों वाला रॉकेट है जिसमें दो ठोस-ईंधन बूस्टर और एक तरल-ईंधन कोर चरण है। ठोस-ईंधन बूस्टर प्रारंभिक जोर प्रदान करते हैं, इससे पहले कि तरल-ईंधन कोर चरण रॉकेट को कक्षा में ले जाने के लिए निरंतर जोर सुनिश्चित करता है। चंद्रयान - 3 में 2-मीटर (6.5-फुट) लंबा लैंडर शामिल है जिसे चंद्रमा के पास एक रोवर तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# 72 लाख 98 हजार पांच सौ पौधे जिले में लगेंगे: डीएम

## पौधरोपण को डीएम ने दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री ने सांसद, विधायकों समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों के साथ पौधरोपण की बाबत वीडियो कांफ्रेंसिंग की थी। 22 जुलाई व 15 अगस्त को पौधारोपण की तिथि निर्धारित की गई है। जिन विभागों के पास भूमि है, वह पौधरोपण कराकर तार फेंसिंग आदि की व्यवस्था करें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभाकक्ष में हुई बैठक में निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास, जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत तय करें कि धार्मिक नगरी में ऋषि मुनियों के धार्मिक स्थल के नाम से भी वाटिका बनाकर पौधरोपण करायें। ऐसी जगह चिन्हित करें जहां लोग घूमने-फिरने जाते हो। नवग्रह वाटिका भी बनायें, ताकि जो पर्यटक आए उन्हें शोभायमान लगे। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि नगर पालिका और नगर पंचायतों पर जगह चिन्हित कर नंदनवन बनाकर पौधरोपण करायें। ग्राम विकास विभाग प्रत्येक ब्लॉक में दो-दो गांव में पौधरोपण करायें। नगर पालिका, नगर पंचायतों में अध्यक्ष व सभासदों से पौधरोपण करायें। संबंधित ब्लाकों में ब्लॉक प्रमुख एवं विधायक से भी 22 जुलाई को पौधरोपण शुरू करें। डीसी मनरेगा धर्मजीत से कहा कि अमृत सरोवर भी चिन्हित कर पौधरोपण करायें। जिला स्तर पर प्रभागीय वनाधिकारी जनप्रतिनिधियों से पौधरोपण करायें। जिला विकास अधिकारी से कहा कि पौधरोपण को ब्लॉक वार



सेक्टर प्रभारी नियुक्त करें, ताकि पौधरोपण के सत्यापन की सूचना मिल सके। खनिज अधिकारी से कहा कि जहां खनन हुआ है, जगह खाली है, वहां पौधे लगायें। उपनिदेशक कृषि से कहा कि जिन गांवों में पौधरोपण करा रहे हैं, किसानों के नाम गांव की सूची दें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर लें, ताकि उन्हें सहजन के पौधे दिये जा सके। लोनिवि के अधिकारियों से कहा कि पहाड़ी, बिसंडा, बेड़ीपुलिया, रामघाट, शिवरामपुर, पीली कोठी, खोही रोड, रैपुरा, सरैंया, मारकुंडी मार्ग, राजापुर, हटवा आदि सड़कों पर ट्रीगार्ड के साथ वृक्षारोपण करें। प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि परिक्रमा मार्ग में अतिक्रमण हटाकर खाली हुई जगह पर रातरानी, बेला, चंपा आदि पौधे लगाए। तार फेंसिंग भी करायें। सभी विभागों को बड़े पौधे दिए जायें। वन विभाग के रेंज अधिकारियों को निर्देश दें कि जिले में बड़े पेड़ न हो तो अन्य जिलों से व्यवस्था करायें। पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात शीतला प्रसाद पांडेय से कहा कि पुलिस लाइन पर पार्क बनाकर पौधरोपण करायें।

## मां मंदाकिनी को अक्टूबर में दौड़ेगा चित्रकूट, संतों ने लिया निर्णय




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मां मंदाकिनी की निर्मलता को चित्रकूट का समाज मैराथन करेगा। छात्र शक्ति समिति के अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा को श्री कामदगिरि पीठम परिसर में हुई बैठक में देश के प्रसिद्ध जल योद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने कहा कि देश में पहली नदी मंदाकिनी है। जो किसी मां के तप से प्रकट हुई है। माता अनसुइया ने चित्रकूट वासियों को बड़ा वरदान दिया है। प्रकृति संरक्षण का जनसंदेश लेकर मैराथन दौड़ में जनसहभागिता की जाये।

शुक्रवार को प्रेरक संत मदनगोपाल दास महाराज ने कहा कि भौतिक वाद की अंधी दौड़ में शामिल युवा शक्ति प्रकृति को बचाने को दौड़ती दिखाई देगी। समाज को दिशा पूर्ण संदेश होगा। अंतरराष्ट्रीय जल कार्यकर्ता विवेक प्रजापति, जल प्रबंधन विशेषज्ञ अशोक भाई, दीनदयाल शोध संस्थान के संतोष मिश्रा, बाल्मीकि आश्रम लालापुर से आए शिक्षाविद चंद्रदत्त पांडेय समेत सामाजिक कार्यकर्ता अर्चन एवं संयोजक ओमराज तिवारी ने विचार एवं सुझाव रखे।

बैठक में पार्षद समाज सेविका रविमाला सिंह, भगवा रक्षा परिषद के अध्यक्ष राहुल पांडेय, नगर परिषद के स्वच्छता प्रभारी प्रभात सिंह, पुलिस चैकी इंचार्ज पांडेय, कामदगिरि पीठम के सर्वेश त्रिपाठी, सोनू यादव, रजनीश मिश्रा, छात्र समिति से अंबुज बागरी, व्रक्तुंड पांडेय, हिमांशु शुक्ला, आशु विजय त्रिपाठी व अखंड हिंद फौज के जवान मौजूद रहे।

## पुलिस ने तमंचा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन की टीम ने छोटेलाल निषाद पुत्र परान निषाद निवासी भिटारी के कब्जे से तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा बालकिशुन, सिपाही मनीष यादव व नागेश कुमार शामिल रहे।

## तीर्थक्षेत्र में धारा 144 लागू, 14 जनवरी तक रहेगी लागू: एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप जिला मजिस्ट्रेट कर्वी राज बहादुर ने बताया कि सोमवती अमावस्या 17 जुलाई के मद्देनजर सावन माह के पर्व व अधिमास होने से तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं/दर्शनार्थियों/कावड़ियों की भारी भीड़ की संभावना के चलते रामघाट व कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में धारा 144 के तहत मांस-मदिरा, तम्बाकू, पान युक्त सभी प्रकार के गुटखा आदि की दुकान या परिसर में रखने व क्रय-विक्रय, खाना-पीना एवं परिवहन पचास मीटर की परिधि में प्रतिबन्धित किया गया है।

शुक्रवार को उन्होंने मेला क्षेत्र के रामघाट व कामदगिरि परिक्रमा मार्ग परिधि के पचास मीटर में मांस- मदिरा, तम्बाकू युक्त सभी प्रकार के उत्पाद की दुकान रखने, क्रय-विक्रय, खाने-पीने व परिवहन पर धारा 144 में तहत रोक लगा दी है। उन्होंने आदेश जारी किया है कि मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार से खुद अथवा अन्य माध्यम से वैध-अवैध ढंग से इन चीजों की बिक्री या दुकान रखने पर तथा परिवहन किसी भी दशा में नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ धारा 108 के तहत कार्यवाही की जाएगी। ये आदेश 14 जुलाई से 14 जनवरी तक प्रभावी रहेगा।

## सेन्टर मैनेजर के खिलाफ होगी कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रहण लगाने के मामले में एक पीडिता की शिकायत पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सखी वन स्टाप सेन्टर की मैनेजर प्रेरणा श्रीवास्तव के खिलाफ जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा को कार्यवाही के निर्देश दिये।

शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के शंकर बाजार की रश्मि गुप्ता ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि पति व ससुरालवालों की सुनवाई को सखी वन स्टाप सेन्टर गई थी। सेन्टर के मैनेजर प्रेरणा श्रीवास्तव ने उसकी बातों पर गौर न कर चिल्लाने लगी। उसे डराने-धमकाने लगी। कहा कि उसके घर वाले ठेला लगाते हैं, कैसे मानूं। काउंसलिंग के समय एक और महिला कर्मचारी बैठी थी। उसके जाने के बाद प्रेरणा श्रीवास्तव ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि उसके खिलाफ रिपोर्ट बना दूंगी, कहीं न्याय नहीं मिलेगा।

पीडिता की शिकायत पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा को बुलाकर सेन्टर मैनेजर के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये।

## कोआपरेटिव बैंकों में रखें चौकस व्यवस्था: पंकज अग्रवाल

### निरीक्षण में न मिलें कमियां

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पंचायत सभागार में डिस्ट्रिक कोआपरेटिव बैक बांदा के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने जिले के सहकारी बैंकों के सभी शाखा प्रबंधकों, सहायक लिपिकों के साथ बैंको की वर्तमान स्थिति, बैंकों की समस्यायों को जानने एवं समस्याओं के निदान को लेकर बैठक की।

शुक्रवार को चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सभी प्रबंधकों से जानकारी कर समस्याओं से अवगत हुए। सभी प्रकार की समस्याओं से जल्द निजात दिलाने का भरोसा दिया। प्रबंधकों को निर्देश दिये कि जिला सहकारी बैकों में अधिकांशतः किसानों के फसली ऋण व अन्य लेन-देन से संबंधित कार्य होते है। बैंक पहुंचने वाले किसानो की समस्याओं का समाधान जल्द करायें। किसानों व



अन्य खाताधारकों के साथ विनम्रता से व्यवहार करें। बैकों में अधिक से अधिक खाता संचालन को बैक की सुविधाओं की जानकारी लोगों को देकर सम्पर्क करें।

अग्रवाल ने शाखा प्रबंधकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बैकों में समय से पहुंचने, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे। अभिलेखों के रखरखाव तथा ग्राहकों के बैठने व पेयजल की चैकस व्यवस्था करें। निरीक्षण दौरान किसी प्रकार की कमी मिलने पर कडी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी व डायरेक्टर मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, हेमंतनाथ त्रिपाठी मऊ, रवी वर्मा रैपुरा, राजमूरत दूबे राजापुर, राजेश कुमार वर्मा पहाड़ी, हेमेंद्र जाटव शिवरामपुर, भरतकूप व मानिकपुर के प्रबंधक व लिपिक मौजूद रहे।

## आंगनबाडी भर्ती के नाम पर युवती को घर से ले जाकर दुराचार करने वाले को 10 साल की कैद, जिला जज ने सुनाया निर्णय

**चित्रकूट ।** आंगनबाडी भर्ती के लिए फार्म भराने के नाम पर युवती को घर से ले जाकर जबरन दुराचार करने के मामले में जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 2 जुलाई 2021 को एक व्यक्ति ने पहाडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसकी पुत्री को रैपुरा थाना क्षेत्र के डढिवा का पुरवा निवासी बडकू उर्फ उमेश पुत्र नत्थू बहला फुसलाकर भगा ले गया था। काफी खोजबीन के बाद भी पुत्री के न मिलने पर उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस घटना के पांच दिन बाद युवती ने फोन के जरिए घरवालों को सूचित किया कि आरोपी बडकू उसे लेकर नांदी हनुमान मन्दिर आया है और जबरन शादी करने का प्रयास कर रहा है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बयान के दौरान युवती ने बताया कि आरोपी उसे आंगनबाड़ी भर्ती का फार्म भराने के नाम पर ले आया था। जिसके बाद उस पर जबरन शादी का दबाव बनाया और इच्छा के विपरीत दुराचार भी किया। साथ ही कई सादे कागजों में हस्ताक्षर भी बनवा लिए थे। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में धारा 366 और 376 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने इस मामले में शुक्रवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी बडकू उर्फ उमेश को 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ 15 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

## केन्द्रीय अधिकारी ने बोझ फार्म हाउस में देखा उत्पादन

### डीसी मनरेगा ने दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत सरकार के संयुक्त सचिव/केंद्रीय प्रभारी अधिकारी दीपक अग्रवाल आईएएस व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने ग्राम पंचायत बोझ के फार्म हाउस में साकेत वर्मा व हेमंत वर्मा ने खीरे के साथ ड्रिप व मल्चिंग पपीते के साथ ड्रिप व मल्चिंग आम की खेती, अमरूद, मुसम्मी की खेती व लौकी, करेला, परवल आदि में ड्रिप के साथ मल्चिंग का निरीक्षण कर सत्यापित किया।

शुक्रवार को राजेंद्र प्रसाद ने फार्म में पैदा होने वाली फसलों के लाभ के बारे में बताया। उद्यान विभाग के कनिष्ठ पौध रक्षा सहायक इंद्रमणि ने विभागीय योजनाओं से कार्यों की



जानकारी दी। केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने विकासखंड कर्वी के बरूवा नाला की खुदाई के कार्य को देखा। तरांव गांव में वृक्षारोपण भी किया। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने संयुक्त सचिव को बताया कि कैच द रैन प्रोजेक्ट के तहत बरुवा नाला की खुदाई व सफाई कार्य 20 किमी के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों से कराया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों के तहत इस नदी में छोटे-छोटे सात नाला शामिल हैं, उनकी भी खुदाई हो रही है।

केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने रैपुरा, रामनगर, अहिरी में अमृत सरोवर तालाब, खेत तालाब योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी की। निरीक्षण दौरान डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह समेत संबंधित खंड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## तीस हजार पौधों को खोदे जा चुके हैं गड्ढे: सत्येन्द्रनाथ

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** लोनिवि प्रान्तीय खंड के अधिशासी अभियन्ता इं सत्येन्द्रनाथ ने बताया कि 12 जुलाई को लोनिवि मंत्री व राज्यमंत्री, प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियन्ता विकास एवं विभागाध्यक्ष ने मंडलों के मुख्य अभियन्ता एवं अधीक्षण अभियन्ता की बैठक में 22 जुलाई को वृक्षारोपण की तैयारी समीक्षा बैठक की है।

शुक्रवार को लोनिवि अधिशाषी अभियंता इं सत्येन्द्रनाथ ने बताया कि जिले में निर्माण विभाग का लक्ष्य तीस हजार है। मौजूदा समय में 22 स्थलों/मार्गों का चयन किया गया है। इन 22 चयनित स्थलों में तीस हजार गड्ढे खोदे जा चुके हैं। इन पौधों की वन विभाग से प्राप्ति की जा रही है। लगभग एक हजार पौधे लगाये जा चुके हैं। लोनिवि ने 22 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण को पांच सहायक अभियन्ता, बीस अवर अभियन्ता तथा खण्डों में कार्यरत मेट, बेलदार/चैकीदार की ड्यूटी लगायी है। पौधों की सुरक्षा को ट्रीगार्ड की व्यवस्था की जा रही है।

## कोतवाली पुलिस ने दो को गांजा समेत दबोचा

### सरधुवा पुलिस ने भी गांजा आरोपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय की टीम ने राहुल रैकवार पुत्र रामबाबू निवासी अकबरपुर हाल मुकाम गत्ता वाली गली एवं मोहित उर्फ कर्मवीर सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी लैनाबाबा रोड शिवरामपुर के कब्जे से दो किलो चार सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ



एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय, दरोगा मुन्नीलाल, सिपाही गोलू भार्गव, प्रवीण पाण्डेय, जयनारायण पटैरिया शामिल रहे।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने चन्दू लोध पुत्र श्यामलाल लोध निवासी पनौटी के कब्जे से पांच सौ ग्राम सूखा व एक किलो हरा गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, शिवमणि मिश्रा, सिपाही अमित सिंह, राहुल पुरी व महिला सिपाही रचना प्रजापति शामिल रहे।

## रसोइयों का वेतन करें छह हजार रुपये: विधायक, सूबे के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों का मानदेय बढाया जाये।

शुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयां मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य करते हैं। इन सभी रसोइयों को दो हजार रुपये मानदेय मिलता है। सभी रसोइयों में ज्यादातर असहाय, विधवा व निराश्रित हैं। महंगाई के दौर में दो हजार रुपये में परिवार का भरण-पोषण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस बात का अंदाजा कोई भी लगा सकता है।

उन्होंने कहा कि मजदूरी करने वाले व्यक्ति भी कम से कम तीन सौ रुपये रोज कमाता है। ऐसे में दो हजार रुपये प्रति माह में गुजारा मुश्किल है। उन्होंने महंगाई को देखते हुए प्रदेश के सभी रसोइयों का मानदेय छह हजार रुपये प्रति माह करने की मांग की है।

## टीआई ने कांवरियों को माला पहनाकर किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर यातायात प्रभारी मनोज कुमार की टीम ने रेलवे स्टेशन पर बामदेव कांवरिया समिति बोलबम बांदा के लगभग तीन सौ कांवडियों को फूलमाला पहनाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

शुक्रवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने यातायात पुलिस टीम के साथ बांदा से आये बोलबम कांवरियों को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कांवरियों को स्वल्पाहार भी कराया। सभी कांवरियों को चित्रकूट भ्रमण को रवाना किया। यातायात प्रभारी मनोज कुमार के



इस कदम को बोलबम के कांवरियों ने सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसा स्वागत उनका यहां पहली बार हो रहा है।

